वर्ष- 21 अंक - 262 | cityblastindore@gmail.com | RNI NO. MPHIN/2005/15582 | fb.com/cityblastindore | मूल्य-2 रुपए पृष्ठ 12

दोपहर दैनिक
# सिटी ब्लास्ट
निर्भिक व निष्पक्ष पत्रकारिता...
इंदौर, सोमवार 09 मार्च 2026



## खामेनेई का बेटा बना नया लीडर

**तेहरान.एजेंसी।** ईरान ने अपना नया सर्वोच्च नेता चुन लिया है। ईरान में अब अली खामेनेई के सत्ता की विरासत उनके बेटे मोजतबा खामेनेई संभालेंगे। आईआरजीसी से ताल्लुक रकने वाले ईरान के दूसरे सबसे बड़े धर्म गुरुओं में से एक 56 साल के मोजतबा खामेनेई है। ये फैसला ईरान के 80 से ज्यादा धर्म गुरुओं की कमिटी की बैठक के बाद लिया गया।

## सऊदी अरब में मिसाइल हमले में भारतीय घायल

**सोमवार.एजेंसी।** सऊदी अरब के अल खर्ज प्रांत में एक रिहायशी इलाके में हुए मिसाइल हमले में एक भारतीय के मारे जाने की खबर थी, लेकिन सऊदी सरकार और भारतीय दूतावास ने अब बताया कि इस हमले में 2 बांग्लादेशी लोगों की मौत हुई है और 11 बांग्लादेशी व एक भारतीय घायल हुआ है।

## जंग पर आज संसद में होगा घमासान

**नई दिल्ली.एजेंसी।** ईरान और अमेरिका के बीच चल रही जंग को लेकर आज संसद में घमासान हो सकता है। विदेश मंत्री संसद के दोनों सदनों में आज ताजा हालात पर बयान दे सकते हैं।

# शेयर बाजार में कोहराम कच्चे तेल में भी लगी आग

**मुंबई.एजेंसी।** ईरान सहित तमाम देशों में चल रही जंग के कारण कच्चे तेल के दाम और बढ़ गए। इसका असर आज शेयर बाजार पर भी पड़ा। आज बाजार खुलते ही सेंसेक्स 2400 अंक से ज्यादा टूट गया। वहीं निफ्टी में भी 700 अंक से ज्यादा गिरावट दर्ज की गई। सेंसेक्स अपने पिछले कारोबारी बंद 78,918.90 की तुलना में तगड़ी गिरावट लेकर 77,056.75 पर खुला और फिर कुछ ही मिनटों में ये 30 शेयरों वाला इंडेक्स 2400 अंक से ज्यादा की गिरावट लेकर 76,424 के स्तर पर आ गया। वहीं दूसरी ओर एनएसई का निफ्टी भी पिछले शुक्रवार के बंद 24,450 के मुकाबले फिसलकर 23,868 पर ओपन हुआ और फिर सेंसेक्स के कदम से कदम मिलाकर ये भी 700 अंक से ज्यादा फिसलकर 23,697 के लेवल पर आ गया। सबसे ज्यादा बिकवाली बैंकिंग सेक्टर में हुई है वहीं निफ्टी बैंक 2400 पाइंट गिरकर 55 हजार 380 पर ट्रेड कर रही है।

दुनिया में बढ़ते तनाव के बीच कच्चे तेल की कीमत 116 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर पहुंच गई। यूक्रेन वॉर के बाद ये पहली बार है जब तेल की कीमत इतनी बढ़ी हैं।

# मादुरो और खामेनेई के बाद किम जोंग का नंबर?

**वॉशिंगटन ● एजेंसी**

**अमेरिका ने मौजूदा साल के पहले दो महीनों में दो बड़े सैन्य अभियान किए हैं। साल की शुरुआत में अमेरिकी सेना ने वेनेजुएला के प्रेसिडेंट निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी सिलिया फ्लोरेस को पकड़ लिया था। इसके बाद अमेरिका ने ईरान के सुप्रीम लीडर खामेनेई को मार गिराया।**

एक्सपर्ट का कहना है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप जिस तरह 'दुश्मनों' पर हमले कर रहे हैं, उसे देखते हुए उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग अगला निशाना हो सकते हैं। मिडिल ईस्ट में जारी युद्ध





के बीच कोरियाई प्रायद्वीप पर भी अमेरिका और नॉर्थ कोरिया के बीच तनाव फिर बढ़ सकता है, क्योंकि संयुक्त राज्य अमेरिका आज से दक्षिण कोरिया के साथ बड़े पैमाने पर सैन्य अभ्यास 'फ्रीडम शील्ड' शुरू कर दिया है, जिसमें हजारों सैनिक शामिल होंगे। बताया जा रहा है कि ये युद्धाभ्यास आज से शुरू होकर 19 मार्च तक चलेगा।

## न्यूज़ ब्रीफ...

### डेढ़ लाख की साड़ी पर है महाकाव्य रामायण

**रांची.एजेंसी।** झारखंड की राजधानी रांची के मार्केट में एक बहुत ही खूबसूरत साड़ी देखने को मिल रही है। यह जो साड़ी है इसमें पूरा का पूरा रामायण का हर एक सीन दिखाया गया है, जिसमें राम भगवान वनवास जाते दिख रहे हैं। इसके बाद वह रावण को मारते हैं। फिर वह वापस अयोध्या जाकर राजा बनते हैं। यह साड़ी प्योर टसर सिल्क में है और इसकी कीमत डेढ़ लाख रूपए है। इस साड़ी पर ललित झा नामक महिला ने अपने हाथों से पेंटिंग की है। यह साड़ी बनाने में उन्हें 1 महीना लगा।

### बिरयानी चेंस के ठिकानों पर छापा, 70 हजार करोड़ की टैक्स चोरी

**मुंबई.एजेंसी।** आयकर विभाग ने टैक्स चोरी के संदेह में हैदराबाद स्थित प्रसिद्ध बिरयानी रेस्टोरेंट चेंस से जुड़े कई ठिकानों पर छापा मारा है। 70 हजार करोड़ की टैक्स चोरी के मामले में यह छापेमारी की जा रही है। जांच में यह बात सामने आई है कि बिरयानी चेंस ने बिलिंग सॉफ्टवेयर में बदलाव कर अपनी असल कमाई कम दिखाई।

### मटर प्लांट में गैस रिसाव से मची भगदड़

**अमरोहा.एजेंसी।** अमरोहा के चुचैला कला स्थित मटर फ्रोजन प्लांट में अमोनिया गैस का रिसाव होने से भगदड़ मच गई। गैस के रिसाव से 6 महिला कर्मचारियों की तबीयत बिगड़ गई और उन्हें अस्पताल में भर्ती करना पड़ा।

### 5 राज्यों के चुनाव का ऐलान जल्द

**सोमवार.एजेंसी।** बंगाल सहित 5 राज्यों के चुनाव की तारीख का ऐलान मध्य मार्च तक हो सकता है। अप्रैल में मतदान कराया जाएगा। असम और पश्चिम बंगाल में मतदान दो से तीन चरणों में कराया जा सकता है। तमिलनाडु, केरलम और पुडुचेरी में पहले की तरह एक चरण में ही मतदान कराए जाने के आसार हैं।

### बारात में डांस कर रहे लोगों पर चढ़ी गाड़ी

**जयपुर.एजेंसी।** राजस्थान के जयपुर से एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। जहां एक तेज रफ्तार कार बारात में डांस कर रहे लोगों में घुस गई और कई को कुचल दिया, जिससे कई लोग घायल हो गए। जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# न्यूयॉर्क के मेयर ममदानी के घर पर फेंका विस्फोटक





**न्यूयॉर्क ● एजेंसी**

न्यूयॉर्क सिटी के मेयर जोहरान ममदानी के आधिकारिक आवास के बाहर एक काउंटर-प्रोटेस्टर ने जलता हुआ विस्फोटक डिवाइस फेंका। पुलिस के अनुसार यह एक 'इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस' था। यह डिवाइस एक जार था, जिसमें नट, बोल्ट और पेच भरे हुए थे और इसे काले टेप व फ्यूज से लपेटा गया था। डिवाइस से धुआं निकल रहा था, लेकिन धमाका होने से पहले ही यह खुद-ब-खुद बुझ गया। पुलिस ने इसे एक घातक उपकरण माना है, जो किसी की जान ले सकता था।

# प्लेन के टॉयलेट में पी रहा था बीड़ी, मचा हड़कंप

**सोमवार.एजेंसी।** दिल्ली-गोवा अकासा एयर फ्लाइट के टॉयलेट के अंदर 'बीड़ी' पीने के कारण प्लेन के अंदर हड़कंप मच गया। बीड़ी पीने वाले दिल्ली के आशीष के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। आशीष ने फ्लाइट के दौरान प्लेन के टॉयलेट के 'बीड़ी' (हाथ से बनी सिगरेट) पी और उसके पास एक लाइटर भी मिला, जो एयरक्राफ्ट और उसमें सवार पैसेंजर की सेफ्टी के लिए खतरा हो सकता था। पुलिस ने कहा कि इस हरकत से फ्लाइट के दौरान साथी पैसेंजर और क्रू मेंबर की सेफ्टी खतरे में पड़ गई।

# अमेरिकी पॉप स्टार रिहाना के घर पर 10 राउंड फायरिंग, महिला गिरफ्तार



**कैलिफोर्निया.एजेंसी।** अमेरिका में मशहूर सिंगर रिहाना के घर पर फायरिंग से सनसनी फैल गई। उनका घर कैलिफोर्निया के बेवर्ली हिल्स में मौजूद है। सिंगर के घर एक कार सवार महिला ने 10 राउंड फायरिंग की। बाद में इस महिला को गिरफ्तार कर लिया गया। घटना के समय रिहाना घर में मौजूद थीं, लेकिन वे बाल-बाल बच गईं। सभी गोलियां घर के गेट पर लगी। गनीमत यह रही कि इस फायरिंग में कोई हताहत नहीं हुआ। 38 साल की रिहाना अपने पार्टनर, रैपर रॉकी और अपने तीन बच्चों के साथ बेवर्ली हिल्स वाले घर में रहती हैं।

# जश्न में कैलाश विजयवर्गीय की खुशी को देखते रहे गोलू शुक्ला

## तिरंगा झंडा हाथ में लेकर जताई खुशी, किया डांस

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

कल टी-20 क्रिकेट मैच में भारत दो साल के अन्तराल के बाद फिर से सिरमोर बन गया। कल भारत ने रंगपंचमी पर रन पंचमी मनाई और 255 रनों का पहाड़ खड़ा किया। इस पहाड़ के बोझ में न्यूजीलैंड दबकर उसके सभी खिलाड़ी धराशायी हो गए और भारत ने बड़ी जीत दर्ज की। इस जीत की खुशी में आम लोग शामिल होने राजवाड़ा पर पहुंच गए। राजनेताओं को पहले से भनक होती है कि लोग जश्न के लिए राजवाड़ा पहुंचेंगे, ऐसे में राजनेता भी लोगों की भीड़ के जश्न में शामिल होने राजवाड़ा पहुंच गए। मंत्री कैलाश विजयवर्गीय एक वाहन पर खड़े होकर खुशी का इजहार तिरंगे झंडे के





साथ कर रहे थे, ढोल-ढमाके बज रहे थे, विजयवर्गीय एक हाथ से दूसरे हाथ में कभी तिरंगा लेकर खुशी का इजहार कर रहे थे तो कभी नृत्य की मुद्रा में भी नजर आए उनके समीप क्षेत्रीय विधायक गोलू शुक्ला भी खड़े रहे, वे पीछे खड़े होकर विजयवर्गीय की खुशी में अपनी खुशी शामिल करते रहे।

# राधाकृष्ण रासरंग फाग यात्रा में मौजूद रहे जनप्रतिनिधि





इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

कल कुशवाह नगर राम मंदिर से राधाकृष्ण रासरंग फाग यात्रा देवी अहिल्या युवा मंच बाणगंगा द्वारा निकाली गई। इस यात्रा में आदिवासी, राजस्थानी एवं छत्तीसगढिया लोकनृत्यों की छटा देखने को मिली, वहीं चार रथों पर सवार होकर राधा-कृष्ण एवं भोले भंडारी सहित विभिन्न देवी-देवता अपने भक्तों को रंगपंचमी पर सूखे रंग और गुलाल की बोछारों से शुभकामनाएं देते नजर आए। राधा कृष्ण के रथ को हजारों महिलाएं कुशवाह नगर राम मंदिर से मरीमाता चौराहे तक खींचते हुए चली। साधु-संत भी मौजूद रहे, ताम झाम भी इस यात्रा में जुटाए गए, फाग यात्रा का समापन मरीमाता चौराहा पर हुई। गणेश मंदिर पर पूजन किया गया, ठंडाई भी वितरित की गई। विधायक गोलू शुक्ला, पार्षद शिवम यादव, निरंजनसिंह चौहान, सोनाली विज्जू परमार, सोनाली मुकेश धारकर, राहुल जायसवाल, पराग कौशल, सीमा डाबी, कमल वाघेला, अश्विनी शुक्ला, राजेन्द्र राठौर, जीतू यादव, कमल शुक्ला, नीतेश मिश्रा, अनिल पिपलोदिया, वीरू सेन, दिलीप मिश्रा, राजेश सोलंकी, विशाल यादव, सचिन बंसल सहित अन्य मौजूद थे।

## राजीव विकास केन्द्र ने बनाए 24 ब्लॉक अध्यक्ष

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

शहर कांग्रेस के कार्यवाहक अध्यक्ष और म.प्र. राजीव विकास केन्द्र के प्रदेश अध्यक्ष देवेन्द्रसिंह यादव लगातार अपने केन्द्र के कुनबे को संगठनात्मक रूप से बड़ा कर रहे हैं। अलग-अलग तरह की नियुक्तियां की जा रही है। इंदौर शहर के सभी विधानसभाओं के 24 ब्लॉक अध्यक्षों की घोषणा उन्होंने की। यादव ने बताया कि कांग्रेस संगठन की मजबूती और मैदानी स्तर पर टीम तैयार करने के उद्देश्य से यह नियुक्तियां की जा रही है और इन सभी पदाधिकारियों से आगे धरना, प्रदर्शन, आन्दोलन किए जाएंगे। भाजपा से मुकाबला करने के लिए अब ब्लॉक स्तर पर टीम तैयार कर दी गई है। यह टीम प्रदेश कांग्रेस और शहर-जिला कांग्रेस के नेतृत्व में काम करेगी और समय-समय पर जीतू पटवारी, चिंटू चौकसे, विपिन वानखेड़े का मार्गदर्शन भी लेंगी।यादव ने बताया कि पहले भी अलग-अलग नियुक्तियां की गई है और अब ब्लॉक अध्यक्ष बनाने के बाद बचे हुए पदाधिकारियों की घोषणा भी की जाएगी और ब्लॉक व मंडलम की इकाई भी बनाकर उनका सम्मेलन भी आयोजित किया जाएगा और इन सभी को भाजपा की केन्द्र, प्रदेश और निगम परिषद से लड़ाने क गुण भी सिखाएं जाएंगे और इन्हें धरना-प्रदर्शन करने के लिए भी प्रेरित किया जाएगा।

## कोली कोरी समाज के जिलाध्यक्ष बने हेमराज वर्मा

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। क्रोली-कोरी समाज के प्रदेश अध्यक्ष महेश उमरैया,कार्यवाहक अध्यक्ष प्रकाश महावर



कौली की सहमति से हेमराज वर्मा को जिला संगठन का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। मनोनयन पर ओमप्रकाश धीमान, अशोक वर्मा, नंदराम मेहर, देवीशंकर कोटिया, ईश्वरलाल सनोटिया, नवीन चौधरी, प्रहलाद टाटवाल, महेश वर्मा, गजेन्द्र महावर, गणेश वर्मा, रत्नेश वर्मा, मनीष धीमान, रमेश चिरगैया, बालकराम घुरैया, निर्मल मलोरिया, बाबू सिंह चौहान, मुन्नालाल वर्मा, देवी प्रसाद वर्मा, मयंक वर्मा, विजय धामनिया, अजय वर्मा, प्रभुदयाल चौधरी, सुरेश मास्टर साहब, मोतीलाल वर्मा, संजय वर्मा, दिनेश धीमान, नवीन सानू चौधरी आदि ने बधाई दी है।

# आकाश विजयवर्गीय ने सुनाया गोविंदा आला रे भजन

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।



कालका माता मंदिर पांडाल नन्दबाग में फाग उत्सव का आयोजन किया गया। संस्था साईं राम के रितेश ठाकुर बंटी ने बताया कि बड़ी संख्या में राधाकृष्ण के साथ मातृशक्तियों ने फाग गीतों पर फूलों से होली खेली। पूर्व विधायक आकाश विजयवर्गीय ने भी कार्यक्रम में शिरकत कर गोविंदा आला रे आला... भजन सुनाया तो उपस्थित हजारों मातृशक्ति सहित भक्त झूम उठे । मातृशक्तियों के आग्रह पर मीठे रस से भरियो नि राधा रानी लागे... भी सुनाया। पूर्व विधायक संजय शुक्ला भी उत्सव में शामिल हुए। कार्यक्रम में आकाश विजयवर्गीय, संजय शुक्ला, अशोक चौहान चांदू, लकी अवस्थी, जयदीप जैन, मुकेश धारकर, मलखान कुशवाह, निरंजनसिंह चौहान, अश्विनी शुक्ला, मुन्ना साहू, सन्नी तिवारी, नागेन्द्र चौहान, प्रेम विजयवर्गीय, दीप्ति हाड़ा सहित अन्य मौजूद थे।

## पूर्व सांसद को किया जाएगा याद

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )। पूर्व सांसद और गांधी भवन ट्रस्ट के संस्थापक कन्हैयालाल खादीवाला को उनकी जयंती 10 मार्च शीतला सप्तमी पर याद कर उनकी प्रतिमा शिवाजी मार्केट के समीप माल्यार्पण का आयोजन कल किया जाएगा।




## पूर्व विधायक पटेल नहीं कर पाए हेलीकाप्टर से पुष्पवर्षा विमानतल पर रहे मौजूद, वहीं लगाई गुलाल

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। रंगपंचमी गेर पर पूर्व विधायक और कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव सत्यनारायण पटेल द्वारा गेर पर हेलीकॉप्टर से पुष्पवर्षा करने के संकल्प को शासन प्रशासन ने ऐन वक्त पर अनुमति न देकर रोक दिया।



इस निर्णय से न केवल आयोजन की भव्यता प्रभावित हुई, बल्कि लाखों की संख्या में उमड़े इंदौरी उत्साही भी निराश नजर आए। इस पर यही कहा गया कि प्रशासन की ना के कारण राजबाडा क्षेत्र में हेलीकाप्टर से पुष्पवर्षा के लिए उडान नहीं उडी। पूर्व के अलग-अलग आयोजन में प्रशासन ने स्वीकृति दी थी। सत्यनारायण पटेल के राजबाडा क्षेत्र में रंगपंचमी खेल रहे लोगों के ऊपर पुष्पवर्षा कराने के कदम को राजनेताओं ने राजनीति से प्रेरित माना और कुछ लोगों ने प्रशासन की ना को मनमाना निर्णय करार दिया। 'गेर' के लिए अनुमति रद्द करना समझ से परे है। सत्यनारायण पटेल ने कहा यह केवल पुष्पवर्षा नहीं थी, बल्कि इंदौर की ऐतिहासिक परंपरा में एक भव्य नवाचार था। प्रशासन ने ऐन वक्त पर अनुमति रद्द कर इंदौर की जनता की भावनाओं के साथ भी खिलवाड़ किया है। अनुमति न मिलने के कारण पटेल का हेलीकॉप्टर उड़ान नहीं भर सका। परंतु उन्होंने परंपरा का मान रखने के लिए हेलीपैड पर ही मौजूद लोगों के साथ तिलक होली खेलकर अपना संकल्प पूरा किया। उन्होंने गांधीवादी तरीके से प्रशासन के इस रुख का विरोध करने की बात भी कही है। पटेल ने उम्मीद जताई है कि आने वाले वर्ष की गेर में शासन और प्रशासन हमे पुष्पवर्षा की अनुमति देगा ऐसी उम्मीद है। इंदौर की गेर को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के प्रयासों के बीच, आसमान से होने वाली फूलों की बारिश इस बार आकर्षण का केंद्र होने वाली थी। प्रशासन के इस प्रतिबंध ने उत्सव के रंग में थोड़ी भंग डाल दी, जिससे जनता के बीच सरकार और प्रशासन के प्रति नाराजगी देखी गई।

## पूर्व विधायक जिराती ने सुनाए होली मिलन में नगमे



इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। पूर्व विधायक जीतू जिराती ने अपनी संस्था सादगी के बैनर तले होली मिलन का आयोजन खंडवा रोड स्थित गार्डन में आयोजित किया। भजन, कीर्तन और सदाबहार नगमों की प्रस्तुति भी हुई। ऐसे में पूर्व विधायक जीतू जिराती ने भी सदाबहार नगमों की प्रस्तुतियां दी। कई गीत पर नृत्य भी किए गए। भोजन और रंग गुलाल-कलर दोनों का आयोजन भी चलता रहा।

# पानी टंकी का निर्माण रुका तो नाराज रहवासियों के बीच पहुंचे विधायक और पार्षद

*दो परिवार ने मिलकर ले रखा है न्यायालय से स्टे, रेसकोर्स रोड की सरकारी जमीन पर बनना है पानी की टंकी*

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि





रेसकोर्स रोड रानी सती गेट के सामने सरकारी जमीन पर पानी की बड़ी टंकी का निर्माण कार्य अमृत 2.0 योजना में किया जाना है। इसकी स्वीकृति के बाद दो परिवारों ने न्यायालय से स्टे लेकर टंकी का निर्माण रूकवा रखा है। इस परिवार को टंकी से खतरा होने की स्थिति का हवाला देकर स्टे लिया गया है। क्षेत्रीय रहवासी पानी की टंकी नहीं बनने से नाराज थे और उन्होंने आज अपनी नाराजगी विधायक महेन्द्र हार्डिया और एमआईसी सदस्य पार्षद नन्दकिशोर पहाड़िया को बताई तो दोनों ही हार्डिया और पहाड़िया रेसकोर्स रोड रहवासियों के बीच पहुंचे। इन दोनों विधायक और पार्षद ने स्टे लेने वाले परिवार से मिलने की कोशिश भी की, लेकिन घर पर नहीं होने की वजह से सफलता नहीं मिली। इधर रहवासी, विधायक और एमआईसी सदस्य के साथ मौजूद रहकर अपनी नाराजगी जताते रहे। उल्लेखनीय है कि नगर निगम द्वारा 30 टंकियों का निर्माण किया जाना है और यह टंकियां अमृत 2.0 योजना में बनाई जाना है, जिसका पूरा भुगतान केन्द्र सरकार द्वारा किया जाना है। इस योजना में पानी के लिए कुल चार पैकेज बनाए गए हैं। पहले पैकेज में नर्मदा के चौथे चरण का काम है, दूसरे पैकेज में 30 टंकियों का निर्माण है, तीसरे और चौथे पैकेज में 435 किलोमीटर की पानी की लाइन डालने का काम किया जाना है। इन 400 किलोमीटर की लाइन में शहर का मध्य और पश्चिमी क्षेत्र भी शामिल है, जहां 30 और 40 साल पहले नर्मदा की लाइनें डाली गई थी वे लाइनें जर्जर हो चुकी है इसलिए उन लाइनों को भी बदला जाना है।

## भाजपा की प्रदेश स्तरीय कार्यशाला के लिए जिम्मेदारी सौंपी

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** भाजपा दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के अन्तर्गत प्रदेश स्तरीय कार्यशाला का आयोजन कल 10 मार्च को गुजराती इनोवेटिव विजय नगर में आयोजित होगा। इस कार्यशाला में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल और राष्ट्रीय व प्रादेशिक पदाधिकारी की भी मौजूदगी रहना है। इस आयोजन के लिए नगर भाजपा ने अलग-अलग जिम्मेदारी सौंपी है, जिसमें 100 से अधिक भाजपा नेता और कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी गई है, जिसमें पंजीयन और कार्यशाला, साजसज्जा, सभागार और मंच व्यवस्था, भोजन और अल्पाहार व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, अतिथि व्यवस्था, आपूर्ति व्यवस्था, मीडिया व्यवस्था, पार्किंग व्यवस्था, स्वच्छता और स्वास्थ्य व्यवस्था, साहित्य व्यवस्था, परिसर व्यवस्था, आईटी व्यवस्था सहित अन्य की जिम्मेदारी दी गई है। नगर पदाधिकारियों को भी जिम्मेदारी दी गई है।



## कांग्रेस नेताओं ने की पुस्तिका भेंट

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** सत्य शोधक समाज से जुड़े कांग्रेस नेता सदाशिव यादव काका और हुकुमचंद जादम सैनी ने पूर्व केबिनेट मंत्री अरुण यादव, विधायक सचिन यादव से उनके गृह क्षेत्र में मुलाकात कर गुलाल लगाई और उन्हें महिला दिवस पर सावित्री देवी फुले के जीवन परिचय की पुस्तिका भेंट की।

## मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी का जत्था लोगों को बताएगा सरकारी की नीति

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी द्वारा आज जन अभियान के अन्तर्गत मालवा क्षेत्र के 7 जिलों और तहसील कस्बों में प्रचार-प्रसार के लिए जत्था रवाना किया जा रहा है। यह जत्था आक्रोश रैली के रूप में आम जनता के बीच पहुंचकर केन्द्र और प्रदेश सरकार की किसानों और आम लोगों के साथ गलत नीतियों को बेनकाब कर जानकारी देगा। यह जत्था आज के बाद कल 10 मार्च को भी भ्रमण करेगा, जिसमें प्रदेश अध्यक्ष बीएल नागर, प्रदेश सचिव जसविन्दरसिंह भी शामिल रहेंगे। अरुण चौहान ने बताया कि आज शहर के औद्योगिक क्षेत्र में और मजदूर बस्तियों में बाजारो मे नुक्कड़ सभाएं और पर्चा वितरण किया जाएगा। आज शाम 5 बजे मालवा मिल चौराहे पर आम सभा होगी।

# पूर्व विधायक करेंगे विद्युत मंडल की मुख्यमंत्री को शिकायत

*कल त्योहार पर किया गेर के नाम पर विद्युत प्रदाय बंद, बताई अधिकारियों की नादानी*

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

पूर्व विधायक गोपीकृष्ण नेमा ने बयान जारी कर कहा कि रंगपंचमी जैसे त्योहार पर विद्युत मंडल के अधिकारियों ने नादानी दिखाकर पश्चिमी क्षेत्र के लोगों के लिए परेशानी पैदा की। नेमा ने कहा कि रंगपंचमी का पर्व मस्ती और उल्लास का है और कल इस त्योहार पर विद्युत मंडल और प्रशासन अधिकारियों की नादानी और नासमझी के कारण रहवासी घरों में परेशान होते रहे, वृद्ध और बीमार के अलावा परीक्षार्थी भी परेशान हुए। जहां घरों में लोग सामूहिक आनंद लेना चाहते थे उन्हें भी परेशानी हुई। विद्युत मडंल और प्रशासनिक अधिकारियों की नादानी के चलते कल रविवार की छुट्टी और रंगपंचमी का मजा विद्युत मंडल ने सुबह 8 बजे से लेकर दोपहर 4 बजे तक खराब कर रंग में भंग डाला। विद्युत प्रदाय गेर के कारण बंद रखा गया, यह रंगपंचमी पर पहली बार किया गया जो कल्पना से परे है। नेमा ने कहा कि ऐसा आज तक नहीं हुआ और इन वर्तमान विद्युत मंडल और प्रशासन अधिकारियों के कारण पश्चिमी क्षेत्र के रहवासियों को परेशान होना पडा। गेर मार्ग पर सुरक्षा हो, लेकिन सुरक्षा के नाम पर संपूर्ण क्षेत्र को सजा कहां तक न्याय हैं। 12 महीने मेंटेनेंस के नाम पर बंद चालू करने वाला विद्युत विभाग गेर मार्ग पर विद्युत प्रदाय बाधित करें गेर जाने के बाद पुनः विद्युत चालू करें यह तो उचित माना जा सकता है ऐसा नहीं कर अन्य विभाग के अधिकारियों से मिल जो निर्णय लिया वह निंदनीय है। नेमा ने इस निर्णय पर नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि इस मामले में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पूरा मामला संज्ञान में डाला जाएगा। मुख्यमंत्री से चर्चा कर अधिकारियों की गलती एवं जनता के कष्ट से उन्हें अवगत कराया जाएगा जिससे भविष्य में इस प्रकार के निर्णय नहीं हो जो जनता को कष्ट प्रदान करें। भाजपा के पूर्व विधायक के इस प्रश्न पर अधिकारियों में हड़कम्प है।

# विद्युत मंडल के अधिकारी अनाड़ी -कांग्रेस

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

शहर कांग्रेस के संगठन महामंत्री संजय बाकलीवाल ने आरोप लगाया कि कल रंगपंचमी जैसे बड़े उत्सव पर विद्युत मंडल ने पश्चिम क्षेत्र के राजमोहल्ला सहित कई कालोनियों की लाइट इसलिए बंद कर दी कि गेर का पानी विद्युत लाइनों तक पहुंचेगा और करंट लग सकता है। बाकलीवाल ने कल 6 घंटे की विद्युत कटौती पर आपत्ति लेते हुए कहा कि सालोंसाल से हमारी पुरानी परम्परा रंगपंचमी पर गेर निकलती आ रही है और कभी भी किसी भी विद्युत मंडल अधिकारी ने गेर के दौरान कालोनियों की लाइट बंद नहीं की और कभी लाइट बंद भी की तो जहां जिस रोड से गेर निकलती है उस जगह की लाइट बंद कर दी जाती है। बाकलीवाल ने कहा कि हर क्षेत्र के लिए डीपी लगी हुई है और उसी के माध्यम से जहां जरूरत हो वहां की लाइट बंद की जा सकती है, अन्य क्षेत्र की लाइट बंद करने का निर्णय गलत है। कांग्रेस नेता बाकलीवाल ने कहा कि विद्युत मंडल के अनाड़ी अधिकारियों के निर्णय से जनता परेशान हुई और अब इस पूरे मामले से विद्युत मंडल के एमडी को अवगत कराया जाएगा और मांग की जाएगी कि ऐसे त्योहारों के समय पुराने अनुभवी अधिकारियों का उपयोग अस्थाई रूप से भी कर लिया जाए तो ठीक है।

## आज दोपहर होगा नए पोस्ट ऑफिस का शुभारंभ

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** देवी अहिल्या विश्वविद्यालय तक्षशिला परिसर खंडवा रोड स्थित उप डाकघर को नवीनीकृत कर नेक्स्ट जेनरेशन पोस्ट ऑफिस के रूप में विकसित किया गया है। इसका उद्घाटन आज दोपहर 3 बजे डाक विभाग की प्रीति अग्रवाल, कुलपति डॉ. राकेश सिंघई के आतिथ्य में किया जाएगा। उक्त जानकारी शिवांशु कुमार ने देते हुए बताया कि मध्य प्रदेश में आईआईएम इंदौर उप डाकघर एवं मैनिट भोपाल उप डाकघर के बाद अब तक्षशिला उप डाकघर को आधुनिक स्वरूप देते हुए जेन-झेड पोस्ट ऑफिस के रूप में तब्दील कर यहां ग्राहकों के लिए बेहतर काउंटर व्यवस्था, विभिन्न सुविधाएं तथा युवा पीढ़ी को आकर्षित करने वाले नवाचारों को शामिल किया गया है।

## वाल्मीकि बस्ती में लगाया मिट्टी का ढेर

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** राजमोहल्ला स्थित वाल्मीकि बस्ती से जुड़े रामबाबू भंवर ने बताया कि वाल्मीकि बस्ती मेनरोड की सड़क पर मिट्टी का ढेर लगने से आवागमन अवरुद्ध हो रहा है। नर्मदा लाइन के लिए खुदाई की गई थी। रामबाबू भंवर ने चेतावनी दी कि जल्द ही अगर मिट्टी के ढेर नहीं हटाए तो अन्दोलन किया जाएगा।



## पूर्व विधायक ने किया समाज के लिए आयोजन

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** पूर्व विधायक संजय शुक्ला कान्यकुब्ज विद्या प्रचारिणी सभा के अध्यक्ष है और उसी नाते उन्होंने कान्यकुब्ज समाजजनों का होली मिलन और सम्मान का आयोजन गार्डन में आयोजित किया। भजन-कीर्तन पर नृत्य की प्रस्तुति भी हुई, फूलों से होली भी खेली। लोकेन्द्र महाराज ने भजनों की प्रस्तुति दी। लकी ड्रा में विजेताओं को सामग्री वितरित की गई। राजेश्वरी तिवारी, सुलेखा ब्रजेश शुक्ला, सुरेंद्र चंदा वाजपेयी, अर्चना सुनील अवस्थी, यूके दीक्षित, प्रकाश मिश्रा, रामचंद्र दुबे, सच्चिदानंद द्विवेदी, सतीश पांडे, सतीश दुबे, विभुति शुक्ला, प्रकाश बाजपेयी, अनिल दुबे, ओमप्रकाश शुक्ला, सुनीती तिवारी, वन्दना शुक्ला, दीपू पण्डित, संजय पांडे, आशुतोष शुक्ला, आशीष दीक्षित सहित अन्य ने अपनी भूमिका निभाई।

# खजराना से जमजम चौराहा तक सड़क चौड़ीकारण के लिए 200 नोटिस

## दो सप्ताह के भीतर स्वयं हटाने होंगे बाधक निर्माण, रहवासी बोले नहीं चाहिए अतिरिक्त एफएआर

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**होली और रंग पंचमी का त्यौहार निपटने के बाद नगर निगम ने आगामी दिनों में किए जाने वाले काम पर फोकस करने का निर्णय लिया है। निगम आयुक्त ने अधिकारियों को तो समय सीमा के अनुसार काम करने के निर्देश दिए हैं, निगम आने वाले दिनों में राजस्व वसूली, गर्मियों में पेयजल प्रबंधन, बारिश के लिहाज से आवश्यक पुल-पुलिया निर्माण, मास्टर प्लान सड़क निर्माण में बाधक अतिक्रमण हटाने जैसे काम पर फोकस करेगा।**

इसी क्रम में नगर निगम द्वारा काम शुरू कर दिया गया है। खजराना चौराहे से लेकर जमजम चौराहा तक सड़क चौड़ीकरण लंबे दिनों से प्रस्तावित था जिसके लिए नगर निगम ने अब नोटिस देने की कार्रवाई शुरू कर दी है। लगभग 200 से अधिक बाधक निर्माण हटाने के लिए नोटिस जारी किए गए हैं। नोटिस में लिखा गया है कि सड़क निर्माण के लिए मकान का 4:30 से 5:30 मीटर हिस्सा बाधक है, जिसको सड़क निर्माण के लिए हटाया जाना आवश्यक है। जमीन के बदले भवन स्वामियों को टीडीआर पॉलिसी का लाभ दिया जाएगा।। इसके तहत मकान का जितना हिस्सा सड़क निर्माण के लिए लिया जाएगा उतना अतिरिक्त एफएआर दिया जाएगा जिसका लाभ भवन स्वामी फिर बेचकर ले सकते हैं। नोटिस मिलने के दो सप्ताह बाद मतलब 15 दिनों में बाधक निर्माण हटाने होंगे इसके बाद नगर निगम अपने हिसाब से कार्रवाई करेगा। रहवासियों को बताया गया है कि वह स्वयं बाधक निर्माण हटा ली जिसमें नगर निगम उनकी सहायता करेगा अगर नगर निगम द्वारा कार्रवाई की जाती है तो फिर नुकसान अधिक हो सकता है। वर्तमान में यह सड़क कम चौड़ी है जिसको 60 फीट चौड़ा किया जा रहा है। नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल ने बताया कि इंदौर नगर निगम मास्टर प्लान की सड़कों का निर्माण प्राथमिकता के साथ कर रहा है इसी क्रम में खजराना चौराहे से लेकर जमजम चौराहा तक सड़क का चौड़ीकरण किया जा रहा है। सड़क चौड़ी होने के बाद यहां होने वाली यातायात संबंधी परेशानियां दूर होगी। वहीं दूसरी ओर रहवासियों ने बाधक निर्माण हटाने से इंकार कर दिया है उनका कहना है कि जिन मकानों को हटाने की बात की जा रही है वह उनके बाप दादा और पुरखों की जमीन है जिसका पंचायत और पटवारी के पास रिकॉर्ड है, हमें विकास के नाम पर बेदखल किया जा रहा है। हमें टीडीआर पॉलिसी नहीं चाहिए ना ही अतिरिक्त एफएआर फिलहाल क्षेत्रीय पार्षद पति दिनेश सोनगरा ने बताया कि हम रहवासियों के साथ हैं, जमीन देने वालों को उचित मुआवजा मिलना चाहिए यह अवैध अतिक्रमण नहीं है सभी जमीनों के कागजात तरह रहवासियों के पास हैं।

## जश्न के बीच हुड़दंग... पुष्पा के गेटअप में आया युवक को पुलिस ने धकेला

### राजवाड़ा पर कुछ लोगों ने भीड़ में फेंके पटाखे



इंदौर (सिटी ब्लास्ट)। टी20 वर्ल्ड कप में भारत की शानदार जीत के बाद इंदौर राजवाड़ा पर जश्न मनाया गया। राजवाड़ा पर जश्न अब क्रिकेट में जीत के बाद परंपरा बन गया है, इस परंपरा को कल भी कायम रखा गया। लेकिन कुछ हड़दंगियों ने रंग में भंग डालने की भरपूर कोशिश की। जिन्हें कुछ इंदौरियो ने तो कुछ पुलिस ने सबक भी सिखाया। राजवाड़ा पर छुटपुट विवाद भी होते रहे। राजवाड़ा पर जश्न मनाने आए एक युवक और पुष्पा के गेटअप में आए युवक का विवाद हो गया। दोनों के बीच हाथापाई की नौबत आई तो पुलिस ने मोर्चा संभाला और पुष्पा बनकर आए युवक को धकेल कर अलग किया। इसके अलावा कुछ अन्य हुड़दंगी भीड़ के बीच पटाखे फेंक रहे थे, जिन्हें भी पुलिस ने सबक सिखाया। इधर 255 रन जब इंडिया ने बनाया तब ही लोगों को लग गया था कि अब टीम इंडिया के सर से यह ताज न्यूजीलैंड नहीं छीन पाएगी। इसके बाद जब न्यूजीलैंड की पारी की शुरुआत खराब रही तो राजवाड़ा पर भीड़ लगना शुरू हो गई। पुलिस बल भी तैनात हो गया था। पुलिस ने बैरिकेटिंग भी की। कुछ लोगों ने बैरिकेटिंग तोड़कर प्रवेश किया।

## आज सुबह से शहर में विशेष सफाई अभियान शुरू







### हर गली मोहल्ले और कॉलोनी से गुलाल और रंग को मिटाएंगे

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**नगर निगम के द्वारा आज सुबह से सारे शहर में विशेष सफाई अभियान शुरू किया गया है इस अभियान के तहत हर मोहल्ला गली और कॉलोनी में सड़क पर फैले हुए रंग और गुलाल के निशान मिटाए जाएंगे।**

नगर निगम के द्वारा कल रंग पंचमी के पर्व पर गेर निकालने के बाद में गेर के मार्ग और राजवाड़ा जनता चौक को साफ करने का अभियान चलाया गया था। इस अभियान के तहत इस पूरे रास्ते को साफ करते हुए पानी से धोया गया और वहां से पूरा कचरा उठा दिया गया। अब आज सुबह से नगर निगम के द्वारा शहर के सभी मोहल्ला कॉलोनी, बाजार बस्ती के क्षेत्र में सड़क पर फैली हुई गुलाल को उठाने का अभियान शुरू किया गया है।

नगर निगम की वर्कशॉप के अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार इस कार्य के लिए अतिरिक्त साधन और संसाधन लगाए गए हैं। सफाई करने के कार्य को तो नियमित रूप से सफाई करने वाले सफाई मित्रों के द्वारा ही अंजाम दिया जा रहा है। हर दिन की तुलना में आज शहर की सड़कों से कचरा ज्यादा निकल रहा है। वह भी खास तौर पर शहर के मध्य क्षेत्र की सड़कों पर इस कचरे की तादाद ज्यादा है। मध्य क्षेत्र में छोटी-छोटी गलियों में भी बहुत गुलाल फैली हुई पड़ी है। इस पूरे कचरे को आज सुबह से उठाने का काम शुरू किया गया है।

निगम के अधिकारियों ने बताया कि यह काम आज दोपहर तक चलता रहेगा। इस दौरान सभी 22 जोनल कार्यालय के अंतर्गत आने वाले 85 वार्ड में कार्रवाई की जाएगी। निगम के अधिकारियों को उम्मीद है कि हर दिन की तुलना में आज शहर की सड़कों से तीन गुना से ज्यादा कचरा निकल सकता है।

## बकाया संपत्ति कर की वसूली के लिए निगम ने सील की संपत्ति

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**वित्तीय वर्ष की समाप्ति बेला आ जाने के कारण इंदौर नगर निगम के द्वारा बकाया टैक्स की राशि को वसूल करने के लिए बकायादार की संपत्ति को सील करने की कार्रवाई शुरू कर दी गई है।**

निगम के सहायक राजस्व अधिकारी ने बताया कि झोन क्रमांक 21 के वार्ड क्रमांक 79 में स्थित संपति खाता क्रमांक 1001189881 एवं पता सर्वे खसरा क्रमांक 840 एवं 849/1(शिव कुटीर कॉलोनी ऑफिस) ग्राम निहालपुर मुंडी इंदौर पर संपत्तिकर की बकाया राशि ? 3616433/- होने से सीलिंग की कार्यवाही की गई। झोन क्रमांक 21 के वार्ड क्रमांक 79 में स्थित संपति खाता क्रमांक 1003118887 एवं पता 76/8/1 एवं 77/2/1/1 ग्राम हुकमा खेड़ी इंदौर पर संपत्तिकर की बकाया राशि 304990/- होने से सीलिंग की कार्यवाही की गई। झोन क्रमांक 21 के वार्ड क्रमांक 79 में स्थित संपति पता सर्वे खसरा क्रमांक 76/6 गोल्डन फार्म ग्राम बिजलपुर इंदौर पर संपत्तिकर की बकाया राशि 2909569/- होने से सीलिंग की कार्यवाही की गई।



### अब तेज होगी कार्रवाई

नगर निगम के द्वारा ज्यादा से ज्यादा बकाया टैक्स की राशि वसूल करने के लिए अब कार्रवाई को तेज किया जाएगा। वैसे भी 14 मार्च को लोक अदालत का आयोजन होने जा रहा है। ऐसे में नगर निगम कार्रवाई करते हुए बताया आधार पर यह दबाव बनाएगा कि वह लोक अदालत के अंदर अपनी बकाया राशि को जमा कर दें। इसलिए संपत्ति को सील करने और उसका कब्जा लेने की कार्रवाई प्रमुखता से की जाएगी।

## राजवाड़ा पर जश्न के कारण चलाना पड़ा फिर सफाई अभियान

**इंदौर।** टी-20 वर्ल्ड कप के मैच में भारत की जीत के बाद कल रात को राजवाड़ा और उससे जुड़े क्षेत्रों में मुख्य मार्ग पर नागरिकों के द्वारा मनाए गए जश्न के कारण नगर निगम को आज सुबह से राजवाड़ा पर फिर से सफाई अभियान चलाना पड़ा। वैसे तो नगर निगम कल गेर निकालने के बाद में राजवाड़ा पर समग्र सफाई का अभियान चला चुका था। इसके बाद कल रात के जश्न में खूब फटाके फोड़े गए जिसके कारण आतिशबाजी का कचरा सड़क पर हो गया। इस कचरे को साफ करने के लिए निगम को यह विशेष अभियान चलाना पड़ा।

## शिव पुराण के पहले आज दोपहर कलश यात्रा

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** पूर्वी क्षेत्र के श्रीनगर मेन गार्डन से आज दोपहर कलश यात्रा निकाली जाएगी। आज से 15 मार्च तक श्रीनगर मेन गार्डन पर विष्णुदत्त शर्मा के श्रीमुख से दोपहर 3 से शाम 6 बजे तक शिवपुराण कथा होना है उसके लिए कलश यात्रा का आयोजन की तैयारियां की जा रही है। रीता टंडन ने उक्त जानकारी दी।



## 31 महिलाओं का सम्मान

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** कर्मवीर स्वामी विवेकानंद ट्रस्ट एवं अनंत सेवा न्यास द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर सेवा में समर्पित 31 मातृशक्तियों को मां अहिल्या गौरव अलंकरण से प्रतीक श्रीवास्तव, डॉ. राजीव शर्मा, डॉ. सीमा अलावा, अर्पणा जोशी, अलका सैनी, मनीष यादव, सुमित कीमती के आतिथ्य में सम्मानित किया। प्रकाश मानावत, मुकेश मानावत, द्वारका चौरसिया, कन्हैयालाल चौहान, दीपक दुबे, सुनील चौधरी, निर्लेश तिवारी, आशीष शिंदे मौजूद थे। महक-प्रवेश शर्मा के सम्मान पर भी बधाई दी गई।

## अग्रसेन सोशल ग्रुप ने किया 18 महिलाओं को सम्मानित



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** अग्रसेन सोशल ग्रुप महिला प्रकोष्ठ ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में विशिष्ठ उपलब्धियों के लिये 18 महिलाओं को सम्मानित किया। शशि गर्ग, अमिता मित्तत, प्रियंका बंसल, किरण सिंघल ने बताया कि सविता जिंदल, प्राची गर्ग, सुमन गोयल, निशा अग्रवाल, अलका गोयल, पूजा अग्रवाल,निर्मला गुप्ता, अंजलि मित्तल, राधा अग्रवाल, वर्षा बंसल, डिम्पल अग्रवाल को सम्मानित किया।

## जैन महिला मंडल ने किया संवाद आयोजन



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** तेरापंथ महिला मंडल, इंदौर भवन पर अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नारी सशक्तिकरण को लेकर संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। एनजीओ मीट में 16 सामाजिक संगठनों ने भाग लिया। पदमा मेहता का सम्मान किया।रेखा जैन, प्रभा घोडावत, सुमन दुग्गड, दीपल सामोता, खुशबू धीया सहित अन्य मौजूद थी।



## अभ्यास मंडल का नारी शक्ति अवार्ड

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** अभ्यास मंडल ने 'नारी शक्ति अवार्ड सम्मान समारोह का आयोजन किया। अलग-अलग क्षेत्र में कार्य करने वाली महिलाओं को उनके सेवा कार्य पर सम्मानित किया। डॉ. माला सिंह ठाकुर ने बताया कि प्रीति अग्रवाल के आतिथ्य में डॉ. अनामिका जैन, माधुरी मोयदे, प्रियंका पांडे, कल्पना रमण, फाएजा अली का सम्मान किया गया।



## 'वंदे मातरम् स्वर्णिम भारत' विषय पर कार्यक्रम

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर इंदौर ओम शांति भवन में 'वंदे मातरम् स्वर्णिम भारत' विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विभिन्न क्षेत्रों की महिलाओं ने विचार व्यक्त किए। पूनम दीदी, आरती दीदी, पूजा सक्सेना, भारतीय मांडोले, निशिबाला सिंह, वंशना परिहार, आशा बहन, विका बहन, दीपाली बहन, दुर्गा बहन ने अपनी भूमिका निभाई।

## कैथोलिक धर्मप्रान्त ने किया आयोजन

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** इन्दौर कैथोलिक धर्मप्रान्त ने विश्व कलीसिया के साथ चालीसा काल का तीसरा रविवार तथा अन्तरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया। धर्मप्रांत के इन्दौर, धार, देवास जिलों के सभा



सत्ताईस कैथोलिक गिरजाघरों में सुबह आठ बजे पवित्र मिस्सा अर्पण की गई। उक्त जानकारी फादर अन्थोनी स्वामी और बीए अलवारिस ने दी।

## कार्यक्रम में 300 महिलाएं रही मौजूद




**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** महिला दिवस के उपलक्ष्य में रोटरी क्लब इंदौर रॉयल्स व वर्ल्ड ऑफ वुमन ग्रुप द्वारा वुमन कॉन्क्लेव आरोही का आयोजन किया गया। 300 से अधिक महिलाओं ने शिरकत की। टॉक शो किया गया। कई जानकारियां दी गई। उन्नति सिंह ने ब्यूटी टीप्स भी दिए। भैरवी ठक्कर ने हिलिंग सेशन लिया, भावना पुजारा ने स्टोरी टेलिंग की, तम्बोला भी खिलाया गया। वूमेन अचीवर्स अवाड्र्स से महिलाओं का सम्मान किया गया। ऋतु ग्रोवर, सुरुचित मल्होत्रा, यति अरोरा, सुशील मल्होत्रा, रूबी मल्होत्रा, किरण घुम्मन, चीना शुक्ला, पुष्पा मित्तल, टिम्सी राय, आशीष पिल्लई, विकास चौधरी, मोनिका पंजाबी, सीए ईशानी माहेश्वरी, कोमल चतुर्वेदी, राकेश जैन, आभा आनंद, राजेंद्र जैन, सुनैना खन्ना, विनीता शिरर्धोकर मौजूद थे।



## आरोग्य भारती ने किया उत्सव पर सम्मान

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

आरोग्य भारती इंदौर महानगर द्वारिका जिला द्वारा आयोजित कार्यक्रम रंगपंचमी एवं महिला दिवस के अवसर पर ज्योतिबा फूले गार्डन में रंगपंचमी उत्सव एवं महिला सम्मान समारोह आयोजित किया गया। डॉ. आरएन मिश्रा, वीरसिंह यादव, प्रभाकर होकर, लोकेश जोशी, डॉ. पीएस जांगड़े, एसएन मिश्रा, राजेश यादव, अशोक नायक, एनएस यादव मौजूद थे।

## महिला सशक्तिकरण पर कार्यक्रम




**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** प्रेस्टीज इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड रिसर्च डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी के महिला सशक्तिकरण प्रकोष्ठ 'भूमिका' द्वारा 'सशक्त साथ संतुलन, अपनत्व और उससे आगे' विषय पर एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं की शक्ति, उपलब्धियों और समाज में उनके योगदान का सम्मान करना तथा सशक्तिकरण, समावेशिता और कार्य-जीवन संतुलन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर सार्थक संवाद को प्रोत्साहित करना था। मालासिंह ठाकुर, कुलपति डॉ. एसएस भाकर उद्‌बोधन दिए। डॉ. प्रतिमा जैन, डॉ. नीतू सिंह, डॉ. कविता जैमिनी नंदा ने अपनी भूमिका निभाई।

## उठावना



स्व. मनीराम जी पटेल के पुत्र श्री बालकृष्ण जी पटेल वकील सा. सकल पंच राठौड़ समाज हातोद के अध्यक्ष का आकस्मिक निधन हो गया है जिनका उठावना दि. 09 मार्च 2026 सोमवार शाम 04 बजे राठौड़ धर्मशाला हातोद में रखा गया है

**शोकाकुल**

**निलकंठ पटेल परिवार हातोद**

# ख़ाटू श्याम बाबा के यात्रा में लगे जयकारे

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।



अंबिकापुरी स्थित श्री खाटू श्याम धाम मंदिर से क़ल सुबह फाग यात्रा निकाली गई जिसमें श्रद्धालुओं ने बाबा के जयकारे लगाए और इंद्रधनुषी रंगों का भी खूब आनंद लिया। वाहन पर बाबा के दर्शन श्रद्धालु कर रहे थे। उक्त जानकारी महंत नीलू बाबा ने दी।

## श्यामा परिवार का फागोत्सव





इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। पार्श्वनाथनगर में श्यामा परिवार ने मंयक व्यास महाराज के सानिध्य में फाग उत्सव गुलाल एवं फूलों से मनाया एवं भजन संध्या का आयोजन किया गया। गायक जया होल्कर,प्रियंका तिवारी,उमा सैनी,गोपाल मिश्रा और कृणाल ने फाग आधारित गीतों की प्रस्तुति दी। आरती और प्रसादी का आयजन भी किया। कृष्णा राठौर, प्रेमनारायण वेद सहित अन्य मौजूद थे।



## राजपूत समाजजनों का मिलन

**इंदौर।** राजपूत समाजजनों ने होली मिलन का आयोजन कारसदेव नगर में किया। पौधारोपण करने का संकल्प भी लिया गया। मोहन सेंगर, डॉ. संतोष सिंह, अनुराग प्रताप सिंह, रविनेश सिंह राठौर, गणेशसिंह चौहान, राहुल बन्ना, शैलेंद्रसिंह ठाकुर, बबलू ठाकुर मौजूद थे।

## सर्व ब्राह्मण समाज ने किया महोत्सव आयोजन

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** सर्व ब्राह्मण युवा संगठन महालक्ष्मी नगर इकाई द्वारा फाग महोत्सव में फूलों की होली और भक्तिमय भजनों का आयोजन किया। दीपा हेमंत शर्मा, संदीप जोशी, अमित त्रिवेदी, पंकज वेद, केके झा, अनिरुद्ध तिवारी, प्रमोद शर्मा, दुष्यंत शर्मा मौजूद थे।



## अधिवक्ता होली मिलन आयोजन

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** इंदौर अभिभाषक संघ ने अधिवक्ता होली मिलन, फाग उत्सव का आयोजन किया। बड़ी संख्या में अभिभाषक मौजूद रहे।



## जाटव समाज का फाग उत्सव



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** अहिरवार जाटव समाज बाईसी समिति द्वारा रानीपुरा प्रांगण में फाग उत्सव का आयोजन किया। लालबाग मॉर्निंग ग्रुप और सूर्यवंशी अहिरवार समाजजन भी मौजूद थे। उस्ताद पृथ्वीराज पिपले का सम्मान भी किया गया।



## अग्रवाल समाजजन रहे फाग यात्रा में मौजूद

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** संस्था अग्र मंच ने कल रंगपंचमी पर श्री कसौटी श्याम बाबा के जयकारों के साथ फाग यात्रा निकाली। आशीष दीपिका गोयल ने बताया कि शालीनता के साथ गेर में अग्रवाल समाज के बुजुर्ग, महिलाएं, युवा, बच्चे भी शामिल हुए। राजेश बंसल, पवन सिंघानिया, अशोक ऐरन, मृदुल अग्रवाल, प्रहलाद दादा अग्रवाल, नीलेश प्रज्ञा अग्रवाल सहित अन्य मौजूद थे।

## मंगलमूर्ति की महिलाओं ने एक-दूसरे को लगाया रंग

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** मंगलमूर्ति महिला मंडल ने कल रंगपंचमी पर मिलन और महोत्सव का आयोजन कर एक-दूसरे पर गुलाल और कलर लगाकर पर्व मनाया। ललिता वर्मा, अनिता पाटीदार, सुधा खंडेलवाल, माया गौर, पार्वती पाटीदार, उषा पाटीदार सहित अन्य मातृशक्तियां मौजद थीं। उक्त जानकारी श्रवण वर्मा ने दी।



## आज भी किया माँ शीतला का पूजन

### कल भी बड़ी संख्या में मातृशक्तियां करेगी माता पूजन

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** रंगपंचमी के दो दिन बाद माँ शीतला का पर्व शीतला सप्तमी का आयोजन किया जाता है। तिथियों की घट-बढ़ के चलते आज भी कई घरों की मातृशक्तियां माँ शीतला का पूजन कर रही है, घरों में एक दिन पहले भोजन तैयार किया गया और आज माँ शीतला को भोजन का भोग भी लगाकर प्रसाद के रूप में परिजनों ने ग्रहण किया। मिली जानकारी के मुताबिक आज कुछ घरों में यह पूजन किया गया है, बड़ी संख्या में माँ शीतला का पूजन कल किया जाएगा। इंदौर के कई मंदिरों में आज के बाद कल भी माँ शीतला का पूजन होगा। जिन घरों में कल शीतला सप्तमी का पूजन होगा वहां आज शाम भोजन तैयार किया जाएगा और ठंडा भोजन कल फिर माँ को अर्पण किया जाएगा।





## सेन समाज की मातृशक्तियों ने उड़ाई गुलाल

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** भारतीय महिला सेन समाज से जुड़ी मातृशक्तियों ने बिजासन रोड स्थित स्मृति नगर बगीचे में फाग उत्सव के आयोजन में फाग और कीर्तन गीतों की प्रस्तुति दी। एक-दूसरे पर गुलाल और फूल उड़ाकर होली उत्सव भी मनाया। तरुणलता खटोड़, सुनीता सेन, मीना राजनीवाल, तान्या चौहान, दिशा वर्मा, रेनू रजनीवाल, मोना रजनीवाल, अंतिम रजनीवाल, रजनी तवर, सुनीता सेन, पुष्पा गहलोत, स्नेहलता चौहान, मीना चांगल, वंदना भाटी, माया खटोड़, प्रीति बैराठी, मणि वर्मा, सीमा साखला, अनीता सेन, सुनीता नायडू, अंजना सेन, कल्पना बेताब, किरण सेन, पिंकी सेन, पुष्पा भाटी, सोनू वर्मा मौजूद थी।



## अग्रवाल महासंघ का गणगौर महोत्सव होगा

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** अग्रवाल समाज महासंघ, विजय नगर क्षेत्र इंदौर द्वारा आगामी 15 मार्च को गणगौर महोत्सव आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में मारवाड़ी परंपरा के अनुसार रंगारंग बाना तथा घणी सजी-धजी ईसर-गणगौर री मनभावन झलक देखने को मिलेगी। आयोजन के दौरान महिलाओं एवं युवतियों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। किशोर गोयल, अजय अग्रवाल, नीरज गोयल ने बताया कि आयोजन की जिम्मेदारी मातृशक्ति प्रीति ऋषभ जैन, भावना मनीष गर्ग, मेघा विनय गुप्ता, रिंकी नीरज गोयल, ज्योति नितेश बंसल, ममता शैलेन्द्र अग्रवाल, शीतल संदीप गर्ग, आभा नीरज गोयल, सरिता शशांक अग्रवाल, ज्योति पंकज अग्रवाल, रूपाली रोहित सिंघल, संध्या संदीप गर्ग, कविता मनीष गर्ग, पुनीता पवन अग्रवाल, शालिनी मित्तल के पास है।



## पन्नालाल शर्मा का निधन

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** जांगिड़ ब्राह्मण समाज सुवालका के वरिष्ठ पन्नालाल शर्मा का निधन हो गया, शोक सभा भी आयोजित की गई, जिसमें राजेंद्र शर्मा, अशोक शर्मा, अनिल शर्मा, निर्मल शर्मा, संजय शर्मा, अंबर शर्मा, मनोहर शर्मा, रमेश शर्मा, मीना शर्मा, सुनीता शर्मा, अनिता शर्मा सहित अन्य ने श्रद्धांजलि अर्पित की।



## मस्जिद से हुआ ठेला गाड़ी का वितरण

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** सुन्नी वेलफेयर कमेटी द्वारा गरीबों को खजराना जामा मस्जिद से ठेला गाड़ी का वितरण किया गया। इस अवसर पर जावेद पटेल, अंसार पटेल, आजाद पटेल, चांदखॉं पठान उपस्थित थे।



## सांई पालकी यात्रा में पूजन

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** परदेशीपुरा से आज सुबह सांई पालकी प्रभातफेरी यात्रा निकाली गई। जगह-जगह यात्रा का स्वागत भी हुआ। घरों के बाहर रंगोली उकेरी गई, दीप भी जलाए, ठण्डाई प्रसाद का वितरण भी किया गया। जीतू बाबा त्रिपाठी, कमलेश पाठक सहित अन्य मौजूद थे।

## सुन्दरकांड पाठ और कीर्तन

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** जय रंजीत मानस आराधना मंडल के सुन्दरकांड पाठ आयोजन में रमेश नीमा, कैलाश भंडारी ने पाठ की प्रस्तुति के साथ कीर्तनों की प्रस्तुति भी दी। श्रद्धालुओं ने नृत्य किया। आरती और प्रसादी का वितरण भी हुआ। कैलाश गोयल, राजकुमार गोयल ने उक्त जानकारी दी।



## मां कर्मा देवी जयंती पर निकलेगी शोभायात्रा

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

श्री सकल पंच साहू वैश्य बाथली समाज सिलावटपुरा के तत्वावधान में भक्त शिरोमणि मां कर्मा देवी की जयंती के उपलक्ष्य में 15 मार्च रविवार को शाम 4 बजे सिलावटपुरा से शोभायात्रा एवं कलश यात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा में घोड़ा-बग्घी, भगवानों की आकर्षक झांकियां तथा भजन मंडलियां शामिल होंगी। यात्रा सिलावटपुरा से प्रारंभ होकर बियाबानी चौराहा, मालगंज, नरसिंह बाजार चौराहा, जवाहर मार्ग, नंदलालपुरा चौराहा, संजय सेतु ब्रिज होते हुए नगर निगम चौराहा पहुंचेगी और चिमन बाग चौराहा स्थित स्काउट ग्राउंड पर समापन होगा। तैलिक साहू समाज के लगभग 28 संगठनात्मक समूह शामिल होंगे। भावना-सुरेश साहू ने बताया कि समाजजनों के अलावा राजनेताओं को भी आमंत्रित किया गया है।



## सम्मेद शिखरजी तीर्थ की भाव वंदना

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** श्री चन्द्रप्रभु दिगम्बर जैन मंदिर राजेन्द्र नगर मे महिला मंडल व्दारा सम्मेद शिखर जी तीर्थ की भाव वंदना एंव पूजन किया।भजनों पर आधारित प्रतियोगी गेम खिलवाए। ममता-दीपक पाटनी, मीना पाटनी, वंदना जैन, अभिलाषा सोगानी, रश्मि जैन, रजनी पाटनी, प्रभा यशलहा, प्रीति गांधी, श्रुति जैन मौजूद थी।



## न्यायाश्रय की इंदौर कार्यकारिणी

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** संस्था न्यायाश्रय के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. पंकज वाधवानी एडवोकेट की सहमति से इंदौर नगर कार्यकारिणी की घोषणा की है। एडवोकेट राहुल सिंह यादव अध्यक्ष एवं एडवोकेट अदनान मुल्तानी सचिव मनोनीत किए गए, जिनकी नियुक्ति पर इंदौर के वरिष्ठ एवं जूनियर अधिवक्ताओं ने सभी को बधाई और शुभकामनाएं दी है।







## बेकलेन सौंदर्यीकरण कार्यक्रम

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** वार्ड 41 मंगलमूर्ति नगर बेकलाइन में रहवासी संघ एवम् जनभागीदारी के सहयोग से रंग दे बेकलेन सौंदर्यीकरण कार्यक्रम किया गया। जिसमें वॉल पेंटिंग बच्चों एवं रहवासी द्वारा की गई। पार्षद प्रणव मंडल, राजेश जायसवाल, श्रवण वर्मा, आशीष पाटीदार,जयदीप मांजरेकर, हेमंत तोमर, जयप्रकाश इन्दौरिया, ललित जोशी, मनोज मिश्रा, विष्णुप्रसाद मालवीय, संजू ठाकुर, विनोद सोलंकी मौजूद थे।

## महिला कर्मचारियों का सम्मान



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** अस्पताल में महिला दिवस पर महिला कर्मचारियों के सम्मान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में चिकित्सक, स्टाफ, कंसल्टेंट, नर्स भी मौजूद रहे। कई मनोरंजन और अन्य गतिविधियों के आयोजन भी किए गए।



## हरे कृष्ण हरे राम भजन का आयोजन

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। स्कीम नंबर 140 स्थित आनंदेश्वर वाटिका में प्रत्येक रविवार प्रातः 8 से 9 बजे तक हरे कृष्ण हरे राम भजन का संगीतमय आयोजन किया जाता है। कल भी यह आयोजन किया। बडी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। वेदप्रकाश अवधिया, के.के. अरोरा सहित अन्य मौजूद थे।

## दुर्गा माता मंदिर पर कीर्तन और गुलाल



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** एम.टी.एच. कंपाउंड स्थित श्री दुर्गामाता मंदिर पर फाग महोत्सव का आयोजन किया गया। भजन गायकों ने कीर्तन और फाग गीतों की प्रस्तुति दी। 35 वर्षों से यह आयोजन हो रहा है, कीर्तन के साथ गुलाल का आयोजन भी किया।सतीश शर्मा, अशोक शुक्ला, शैलेन्द्रसिंह बुंदेला, कुंजनसिंह बुंदेला, कमल जाट, गेंदालाल चौधरी और मेहरा कप्तान, नितिन नामदेव ने अपनी भूमिका निभाई।



## राधाकृष्ण थीम पर दी प्रस्तुतियां

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** डीएलएफ गार्डन सिटी रो हाउस सोसायटी में होली महोत्सव में महिलाओं की पारंपरिक वेशभूषा में राधा–कृष्ण थीम पर आयोजन किया गया। लक्ष्मी पोखरेल, मंजू पांडे, आशा कलकल, रजनी यादव, रीना मिश्रा, जया कांति, डॉली शर्मा, चेतना जैन, रागिनी शेराली, सोना मल्होत्रा, अनिल यादव, निशांत राठौर, राजदीप मल्होत्रा, राहुल तिवारी, परवीन गाँधी का सहयोग रहा।

# विद्या पैलेस कॉलोनी में मिलेगी नए गार्डन की सौगात

## सबसे पहले सुरक्षा बाउंड्रीवॉल का काम,फिर होगा गार्डन का विकास

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट)।** वार्ड क्रमांक 15 के छोटा बांगड़दा क्षेत्र में आने वाले दिनों में बेहद जल्द क्षेत्र की आधा दर्जन से ज्यादा कालोनियों और आसपास के रहवासियों के लिए पहली बार नए गार्डन का विकास होगा। जिसके तहत क्षेत्र में कालोनियों के बीच के खाली मैदान की जगह पर लोगों के लिए एक सर्व सुविधायुक्त बगीचा बनाने के लिए जल्द काम शुरू होगा। जिसके तहत पहले चरण में यहां चारों ओर से खुले मैदान में सबसे पहले सुरक्षा बाउंड्रीवॉल का निर्माण कार्य किया जाएगा। इसके बाद यहां निगम और आमजन के सहयोग से लंबे-चौड़े बगीचे का निर्माण होगा। जिसमें चारों ओर हरियाली और पेड़-पौधे लगाकर परिवारिक गार्डन का विकास किया जाएगा।

बांगडदा क्षेत्र के रहवासी परिवार के लिए आने वाले गर्मी के मौसम में कालोनी के बीच खाली पड़े मैदान की जगह पर बगीचा निर्माण होगा। जिसके तहत बड़े हिस्से में घूमने वालों के लिए करीब 400 मीटर लंबा वाकिंग ट्रेक पाथवे बनाया



जाएगा ताकि यहां के सीनियर सिटीजन के साथ कालोनी की महिलाएं और बच्चे भी आसानी से घूम सकेंगे। इसके अलावा भी कई काम होंगे। क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों और रहवासियों के मुताबिक नए तैयार होने वाले बगीचे में आमजन को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक और फिटनेस के लिए जिम के आधुनिक उपकरण भी लगाए जाएंगे। साथ ही सुंदरता और खूबसूरती बढ़ाने के लिए गार्डन में छोटे आकर्षक दिखने वाले पेड़-पौधे भी लगाए जाएंगे।

### बच्चों के मनोरंजन के लिए भी होगें काम

यही नहीं क्षेत्र के बच्चों के मनोरंजन के लिए भी नए बगीचे में निगम द्वारा खेलकूद का सामान भी लगाया जाएगा। जिसके तहत झूले-चकरी के अलावा फिसल पट्टी और खेलने के लिए कई आधुनिक सामान भी यहां लगाए जाएंगे ताकि बच्चों को खेलने के लिए घर से दूर अन्य बगीचों में न जाना पड़े।

नोबल हॉस्पिटल चौराहे से बिचौली बायपास तक

# मानसून से पहले मिलेगी नई सड़क की सौगात

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट)।** नोबल हॉस्पिटल चौराहे से लेकर बिचोली बायपास तक आने वाले मानसून सीजन से पहले बेहद जल्द नई लंबी-चौड़ी सड़क की सौगात मिलने वाली है। जिसको लेकर वर्तमान में इन दिनों यहां बेहद तेजी के साथ काम चल रहा है। यही नहीं वर्तमान में मां बगलामुखी मंदिर पीतांबरा धाम से उनो बिजनेस पार्क तक के बड़े हिस्से में एक साइड सड़क निर्माण और चौड़ीकरण का कार्य निर्माण एजेंसी द्वारा तेजी के साथ पूरा करवाया जा रहा है, जो आने वाले दिनों में जल्द पूरा करने की तैयारी है ताकि नवरात्रि में आने वाले भक्तों को नई सड़क बनने से राहत मिले और और दर्शन करने वालों को भी सड़क निर्माण के कारण किसी प्रकार की दिक्कत न हो।

इधर, क्षेत्रीय रहवासियों और जनप्रतिनिधियों की मांग पर वर्तमान में निर्माण एजेंसी द्वारा इस हिस्से में बेहद तेजी के साथ काम चलाया जा रहा है ताकि जल्दी काम पूरा हो जाए। वही बिचोली क्षेत्र की कालिंदी कुंज टाउनशिप से लेकर बिचोली बाईपास तक यह सड़क आधी से ज्यादा बनकर




तैयार भी होने लगी है। जिससे क्षेत्र से जुड़ी 25 से ज्यादा छोटी बड़ी कॉलोनी के हजारों रहवासियों को बारिश से पहले नई लंबी-चौड़ी सड़क बनने से बड़ी राहत मिलेगी।

### बिचौली मर्दाना से नोबल तक पहले ही हो गई सड़क तैयार

गौरतलब है कि इससे पहले बिचोली ग्राम से नोबल हॉस्पिटल तक के हिस्से में सड़क निर्माण का कार्य पहले ही पूरा हो चुका है। इसके अलावा देवगुराडिया मेनरोड़ से लेकर पुष्परतन कालोनी चौराहे तक के बड़े हिस्से में भी सड़क निर्माण का कार्य पहले ही पूरा कर लिया गया है। वहीं अब नोबल हॉस्पिटल चौराहे से लेकर बाईपास तक सड़क निर्माण और चौड़ीकरण कार्य किया जा रहा है ताकि क्षेत्र के रहवासियों को बारिश से पहले नई सड़क की बड़ी सौगात मिल जाए। जबकि अभी हर साल बारिश में कीचड़ और निचले हिस्से में गड्ढों में पानी भरा होने से सड़क तक कहीं दिखाई नहीं देती थी। वहीं अब नई सड़क बनने से नई कालोनी वालो के साथ बिचौली और देवगुराडिया वालों को एक और नई सड़क की सुविधा मिल जाएगी।

# काशीपुरी क्षेत्र के बच्चों को मिलेगी नए प्राथमिक विद्यालय भवन की सौगात

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट)।** वार्ड क्रमांक 21 के तहत काशीपुरी क्षेत्र में बच्चों के लिए आने वाले दिनों में नया सरकारी स्कूल भवन का निर्माण कार्य जल्द शुरू होगा। जिससे क्षेत्र के बच्चों को नए प्राथमिक विद्यालय भवन की सौगात मिलेगी। इस नवीन स्कूल भवन में बच्चों के लिए नई आधुनिक शिक्षा नीति तहत स्मार्ट क्लास रूम के साथ खेलने के लिए विद्यालय के पास खेल मैदान का विकास किया जाएगा। साथ ही बेहतर शिक्षा के लिए स्मार्ट क्लासरूम में प्रोजेक्ट और कंप्यूटर लगाकर आधुनिक तरीके से शिक्षा प्रदान की जाएगी। जिसको लेकर निगम ने यहां नए स्कूल भवन निर्माण को लेकर अपनी ओर से तमाम तैयारियां शुरू कर दी है।

यही नहीं इसके लिए पिछले दिनों नए स्कूल भवन निर्माण के लिए निगम द्वारा निविदा भी जारी कर दी गई है। जिसके तहत करीब डेढ़ करोड़ से ज्यादा की लागत से वार्ड 21 के काशीपुरी क्षेत्र में आसपास के रहवासियों के लिए सरकारी स्कूल भवन में निजी स्कूलों की तर्ज पर आधुनिक शिक्षा प्रणाली के तहत क्षेत्र के बच्चों को प्राथमिक विद्यालय भवन की सौगात मिलेगी। जहां बच्चे नई आधुनिक शिक्षा नीति के तहत स्मार्ट क्लासरूम में नए फर्नीचर और नए स्मार्ट क्लास रूम में भविष्य की पढ़ाई कर सकेंगे। इसको लेकर निगम ने पूरी प्लानिंग के साथ आने वाले दिनों में काम शुरू करने की तैयारी शुरू कर दी है। टेंडर प्रक्रिया के बाद नया भवन निर्माण का काम शुरू होगा। जिसके तहत निगम शिक्षा प्रकोष्ठ द्वारा एक आधुनिक तकनीक से सरकारी प्राथमिक विद्यालय भवन का निर्माण किया जाएगा। जिससे अगले साल यहां बच्चों को अपने घर के नजदीक निजी विद्यालय की तर्ज पर सरकारी स्कूल भवन में नई आधुनिक तकनीक से शिक्षा मिलेंगी।

**डेढ़ करोड़ की लागत से होगा नया दो मंजिला स्कूल भवन तैयार**

# तिलकनगर मास्टर प्लान की सड़क के लिए हटे सभी बाधक निर्माण

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

## अब तेजी के साथ चलेगा श्रीकृष्ण पब्लिक स्कूल से लिंक रोड का काम

तिलकनगर की मास्टर प्लान से जुड़ी महत्वपूर्ण सड़क के निर्माण और चौड़ीकरण में लंबे समय से बाधक बन रहे तीन चार बाधक निर्माण अब पूरी तरह से हटा दिए गए है। जिसके बाद अब आने वाले दिनों में तिलक नगर मेनरोड़ से पानी की टंकी होते हुए पूर्वी रिंगरोड से जुड़ी इस लिंक रोड सड़क का काम अब दिन-रात और ज्यादा तेजी के साथ चलेगा।

गौरतलब है कि लंबे समय से बन रही इस सड़क निर्माण के तहत पहले चरण में निगम द्वारा मास्टर प्लान की इस सड़क का निर्माण महावीर नगर पानी की टंकी के पास से लेकर श्रीकृष्णा पब्लिक स्कूल तक के बड़े हिस्से में पूरा कर लिया गया था। वहीं उसके बाद बड़े हिस्से में दो-चार बाधक निर्माण के कारण मामला कोर्ट में चला गया था। जिसके चलते मास्टर प्लान की इस मुख्य सड़क का काम कई दिनों तक बंद रहा। हालांकि अब मास्टर प्लान की इस महत्वपूर्ण सड़क के सभी बाधक निर्माण हटा लिए गए हैं। वहीं क्षेत्रीय पार्षद राजेश उदावत का कहना है कि 60 फीट चौड़ी बनने वाली तिलक नगर में रोड से लेकर गीता भवन तक जुड़ने वाली लिंक रोड का काम अब बिना रुकावट तेजी के साथ चलेगा। जिससे इस मार्ग से गुजरने वाले हजारों वाहन चालकों को बड़ी राहत मिलेगी।




### रिंगरोड़ और कनाडिया रोड़ से घटेगा ट्रैफिक ,लोगों का बचेगा समय

तिलकनगर मैन रोड़ से पूर्वीरिंग रोड के शकुंतला हॉस्पिटल तक इस आधा किमी लंबी लिंक रोड के बनने से एक और जहां रिंग रोड और कनाडिया रोड के ट्रैफिक का लोड भी घटेगा। साथ ही लोगों को घूमकर लंबा चक्कर लगाकर नहीं जाना पड़ेगा। यही नहीं इससे लोगों के समय और पेट्रोल दोनों की बचत होगी।

## संपादकीय

# जंग की आंच बाजार तक तेल संकट, गिरते शेयर और महंगाई के नए मोर्चे

ईरान पर इजरायल और अमेरिका के साझा हमले के बाद जिस बात का डर था, उसकी शुरुआत अब हो चुकी है। यानी जो देश इस जंग में शामिल नहीं हैं, उन तक भी इसकी आंच पहुंचनी शुरू हो चुकी है। जब दो या अधिक देशों के बीच युद्ध का मोर्चा खुलता है, तो उसका असर सिर्फ इस रूप में सामने नहीं आता कि एक-दूसरे पर किए गए हमले के नतीजे में जानमाल की व्यापक क्षति होती है। बल्कि जंग के लंबा खिंचने पर कई स्तरों पर जरूरी सामग्री की आपूर्ति बाधित होती है और नतीजतन बाजार में लगभग सभी चीजों की कीमतें तेजी से बढ़ने लगती हैं। ईरान पर इजरायल और अमेरिका के साझा हमले के बाद जिस बात का डर था, उसकी शुरुआत अब हो चुकी है। यानी जो देश इस जंग में शामिल नहीं हैं, उन तक भी इसकी आंच पहुंचनी शुरू हो चुकी है। हाल ही में भारत के शेयर बाजार पर भी इसका असर देखा गया, जहां बड़ी गिरावट की वजह से निवेशकों को लगभग उन्नीस लाख करोड़ रुपए का नुकसान हुआ। चूंकि युद्ध की तीव्रता में फिलहाल कोई नरमी नहीं देखी जा रही है, इसलिए यह स्थिति अभी कायम रहने की आशंका है। मगर इससे इतर अब युद्ध का असर देश के आम लोगों के घर के दरवाजे तक पहुंचना शुरू हो चुका है। मसलन, रसोई गैस की कीमत में साठ रुपए की बढ़ोतरी कर दी गई है। कच्चे तेल की आपूर्ति बाधित होने की वजह से भारत सहित अन्य कई देशों को नए रास्तों की ओर देखना पड़ रहा है। इस बीच कच्चे तेल की कीमतों के सौ डालर प्रति बैरल तक पहुंचने की आशंका जताई जा रही है। अंदाजा लगाया जा सकता है कि बाजार के इस रुख का असर कहां तक जा सकता है और अगर युद्ध लंबा खिंचा, तो वैसे देशों में कैसी मुश्किल पैदा होगी, जहां की अर्थव्यवस्था और जीवनयापन का एक बड़ा हिस्सा बाहर से आपूर्ति पर निर्भर है। इजरायली हमले के बाद प्रतिक्रिया में ईरान ने जो रुख अख्तियार किया है, उससे पहले ही कई मुख्य तेल उत्पादक देशों में असुरक्षा का माहौल है। फिर होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने वाले जहाजों के रास्ते को ईरान ने जिस तरह बाधित कर दिया है, उससे दुनिया के एक बड़े हिस्से में तेल की आपूर्ति प्रभावित होगी। होर्मुज की नाकाबंदी की वजह से उस इलाके में फंसे जहाजों को लंबा रास्ता तय करना होगा। भारत के सामने ही स्थिति यह है कि इसके पास अगले छह से आठ हफ्ते का तेल भंडार है। स्वाभाविक ही भारत को अब तेल के लिए अन्य वैकल्पिक स्रोतों की ओर देखना होगा। राहत की बात यह है कि एक ओर रूस ने भारत को तेल बेचने की पेशकश की, तो दूसरी ओर अमेरिका ने भी इस मसले पर नरम रुख अपनाया है। इसके बावजूद पश्चिम एशिया में चल रहे इस युद्ध का असर केवल वैश्विक स्तर पर तेल और गैस के बाजारों पर ही नहीं पड़ा है, बल्कि तनाव में बढ़ोतरी कई बड़े उद्योगों के लिए भी चिंता का कारण बन रहा है, क्योंकि इस क्षेत्र के लिए कच्चे माल की आपूर्ति भी बाधित हो रही है। खासतौर पर तेल की कीमतों में भारी उछाल आना और इसका असर बाजार में अन्य लगभग सभी सामान पर पड़ना तय माना जा रहा है। दरअसल, इसके समांतर माल ढुलाई के महंगा होने की वजह से सब्जियों से लेकर दूसरी कई जरूरी चीजों के दाम भी बढ़ेंगे। निश्चित रूप से इससे प्रभावित देशों को अपने स्तर पर विकल्प और समाधान निकालने की जरूरत है। मगर सवाल है कि क्या युद्ध में शामिल देशों को इस बात की फिक्र है कि उनकी वजह से दुनिया भर में आम लोगों के सामने अपनी अनिवार्य जरूरतें पूरी करने के लिए जद्दोजहद के कितने मोर्चे खुल गए हैं।

# ढाबे से लौटते समय अनियंत्रित होकर गिरा युवक, मौत

**इन्दौर।** एरोड्रम थाना क्षेत्र में एक फर्नीचर कारीगर की सड़क पर गिरने से दर्दनाक मौत हो गई। मृतक ढाबे से खाना खाकर पैदल घर लौट रहा था, तभी अचानक संतुलन बिगड़ने से वह मुंह के बल सड़क पर जा गिरा। गंभीर हालत में उसे एमवाय अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

मृतक की पहचान ओंकार पिता मदनलाल (36), निवासी अशोक नगर के रूप में हुई है। घटना दो दिन पहले की बताई जा रही है। जानकारी के मुताबिक, ओंकार एक ढाबे पर खाना खाने के बाद पैदल अपने घर की ओर जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में वह अचानक अनियंत्रित होकर गिर गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, युवक सीधे मुंह के बल गिरा, जिससे उसकी नाक, आंख और सिर के पिछले हिस्से में अंदरूनी और गंभीर चोटें आईं। परिजनों ने घायल ओंकार को तत्काल एमवाय अस्पताल पहुँचाया, जहाँ डॉक्टरों ने उसे बचाने का प्रयास किया, लेकिन चोट गहरी होने के कारण इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। बताया गया है कि ओमकार पेशे से फर्नीचर कारीगर था।

# ट्रक चालक की संदिग्ध मौत,सीने में तेज दर्द के बाद रास्ते में ही तोड़ा दम

**इन्दौर।** कनाडिया थाना क्षेत्र स्थित भूसा मंडी बायपास पर एक ट्रक चालक की अचानक तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई। रायसेन जिले का रहने वाला चालक ट्रक में भूसा भरकर इंदौर आया था, जहां माल खाली करने के दौरान उसे सीने में तेज दर्द उठा। अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। प्रारंभिक जांच में डॉक्टरों ने हार्ट अटैक की आशंका जताई है।

पुलिस के मुताबिक, मृतक की पहचान कलीम पिता मोहम्मद रफीक निवासी बेगमगंज, जिला रायसेन के रूप में हुई है। कलीम दो दिन पहले अपने ट्रक में भूसा भरकर बेगमगंज से इंदौर आया था और उसका ट्रक भूसा मंडी बायपास पर खड़ा था। जब माल खाली करने की तैयारी चल रही थी, तभी अचानक कलीम को सीने में असहजता महसूस हुई और तेज दर्द होने लगा। कलीम ने फौरन अपने क्लीनर को इसकी जानकारी दी, जिसने पास ही मौजूद दूसरे ट्रक चालक सलमान को मदद के लिए बुलाया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए सलमान उसे एक व्यापारी की कार से तत्काल उपचार के लिए एमवाय अस्पताल लेकर रवाना हुआ, लेकिन अस्पताल पहुँचने से पहले ही कलीम की सांसे थम गईं। एमवाय अस्पताल में डॉक्टरों ने प्राथमिक जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है। मृतक के परिजनों को बेगमगंज में सूचना भेज दी गई है।

# सूने मकान का ताला तोड़कर लाखों की चोरी

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

तिलक नगर थाना क्षेत्र में चोरों ने एक सूने मकान को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये के जेवरात और नकदी पर हाथ साफ कर दिया। बदमाश घर का ताला तोड़कर भीतर घुसे और अलमारी में रखे करीब पौन किलो चांदी के आभूषण और सोने के गहने समेट ले गए। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ चोरी का प्रकरण दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

तिलक नगर पुलिस के मुताबिक, चोरी की यह वारदात वृंदावन कॉलोनी स्कीम नंबर 140 में रहने वाली फरियादी प्रीति पति पुष्पेंद्र पटेल के घर पर हुई। फरियादी ने पुलिस को बताया कि अज्ञात आरोपी उनके मकान का ताला तोड़कर अंदर दाखिल हुए और कमरे में रखी अलमारी को खंगाल डाला। चोर अलमारी से आधा किलो चांदी की पायल, 250 ग्राम वजनी चांदी का कंदोरा, दो मंगलसूत्र, दो जोड़ी अन्य पायल, एक सोने की अंगूठी, एक जोड़ी सोने के कान के टॉप्स और करीब 4500 रुपये नकद चुराकर ले गए। घटना का पता तब चला जब परिवार वापस लौटा और घर का ताला टूटा हुआ मिला। अब पुलिस आसपास के सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है ताकि बदमाशों का सुराग लगाया जा सके

# मामूली कहासुनी के बाद जमकर चले चाकू और पत्थर

**इंदौर.सिटी ब्लास्ट।** एरोड्रम थाना क्षेत्र में रंगपंचमी का उल्लास उस वक्त दहशत में बदल गया जब मामूली बात पर दो पक्ष आमने-सामने आ गए। नगीन नगर में रंग लगाने को लेकर शुरू हुआ विवाद इतना बढ़ा कि लात-घूंसों के साथ सरेआम चाकू और पत्थरों का इस्तेमाल किया गया। इस हिंसक झड़प में दो युवक गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिसका वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

पुलिस के मुताबिक, विवाद की शुरुआत रंग लगाने की बात पर हुई थी। फरियादी सोहन तरेटिया और सोनू ने बताया कि बहस के दौरान आरोपी शुभम, उसकी पत्नी रितिका और साथी देवेंद्र विश्वकर्मा अचानक उग्र हो गए। आरोपी अपने घर से धारदार हथियार निकाल लाए और पीड़ितों पर हमला बोल दिया। मौके पर मौजूद लोगों ने पत्थरबाजी और मारपीट का पूरा मंजर कैमरे में कैद कर लिया।एरोड्रम थाना पुलिस ने फरियादियों की शिकायत पर शुभम, उसकी पत्नी और अन्य साथियों के खिलाफ मारपीट, चाकूबाजी और अन्य गंभीर धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो मुख्य आरोपियों को हिरासत में ले लिया है, जबकि गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश के लिए टीमें रवाना की गई हैं।

## सोना-चांदी के आज के भाव



| | गोल्ड कैश | एमसीएक्स |
|---|---|---|
| गोल्ड | 162000 | 160285 |
| | **सिल्वर कैश** | **एमसीएक्स** |
| सिल्वर | 266500 | 262324 |

1 बजे फिजिकल भाव कन्फर्म होते हैं • निर्मल वर्मा घुंघरू

# शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म भोपाल के युवक के खिलाफ केस दर्ज

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

लसूड़िया थाना क्षेत्र में एक युवती के साथ शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण करने का मामला सामने आया है। आरोपी ने पीड़िता को विवाह का लालच देकर लंबे समय तक उसके साथ संबंध बनाए, लेकिन जब युवती ने शादी का दबाव बनाया तो आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देकर मुकर गया। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर भोपाल निवासी युवक के विरुद्ध संगीन धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया है। लसूड़िया पुलिस के मुताबिक, 34 वर्षीय पीड़िता ने थाने पहुँचकर अपनी आपबीती सुनाई। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि उसकी पहचान विवेक पिता विनोद जैन निवासी जैन नगर, लाल घाटी, भोपाल से हुई थी। विवेक ने उसे अपने प्रेम जाल में फंसाया और जल्द ही शादी करने का वादा किया। शादी का झांसा देकर आरोपी ने पीड़िता के साथ शारीरिक संबंध स्थापित किए। पीड़िता का आरोप है कि जब उसने विवेक से शादी करने की बात कही, तो उसने साफ इनकार कर दिया। विरोध करने पर आरोपी अपनी असलियत पर उतर आया और पीड़िता के साथ अभद्र व्यवहार करते हुए उसे गालियां दीं। इतना ही नहीं, आरोपी ने पीड़िता को शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी भी दी।

# गेर में शामिल जनता पर छत से फेंक रहा था रंग भरे गुब्बारे,कोल्ड्रिंक हाउस मालिक पर केस दर्ज

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

शहर की ऐतिहासिक रंगपंचमी गेर के दौरान राजबाड़ा क्षेत्र में आम जनता की सुरक्षा से खिलवाड़ करने वाले एक दुकानदार के खिलाफ एमजी रोड पुलिस ने सख्त कार्रवाई की है। कश्मीरा कोल्ड ड्रिंक हाउस के मालिक द्वारा अपनी दुकान की छत से नीचे गेर में शामिल लोगों पर लापरवाही पूर्वक रंग और पानी से भरी थैलियां व गुब्बारे फेंकने के मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया है।

एमजी रोड पुलिस के मुताबिक, राजबाड़ा स्थित कोल्ड ड्रिंक हाउस के मालिक रवि के खिलाफ यह शिकायत दर्ज की गई है। पुलिस को सूचना मिली थी कि आरोपी अपनी दुकान की छत पर खड़ा होकर नीचे से गुजर रहे गेर और फाग उत्सव के चल समारोह में शामिल आम जनता पर रंग और पानी से भरे गुब्बारे व थैलियां तेज गति से फेंक रहा था।

प्रत्यक्षदर्शियों और पुलिस के मुताबिक, ऊंचाई से और तेज गति से फेंकी गई ये थैलियां और गुब्बारे लोगों के चेहरे, नाक, कान और आंखों पर लग रहे थे। इस तरह की लापरवाही से उत्सव में शामिल लोगों के चोटिल होने और उनके जीवन पर संकट उत्पन्न होने की स्थिति बन रही थी। पुलिस ने आम जनता की सुरक्षा को खतरे में डालने के आरोप में रवि के विरुद्ध वैधानिक धाराओं में केस दर्ज कर लिया है।

# ट्रेचिंग ग्राउंड से उठते धुएं पर उठे सवाल

**खरगोन ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि** ललित खेडे, आशीष गुप्ता)। खरगोन के नगर पालिका ट्रेजिंग ग्राउंड से लगातार धुआं उठता है और यह धुआं दूर तक कालोनियों और गांव के क्षेत्रों तक पहुंच जाता है, जहां धुएं के कारण प्रदूषित हवा सांस लेने में दिक्कत देती है। कई लोग अपने घरों के दरवाजे इस धुएं के गुबार से बंद करते भी देखे गए और रात्रि में इस धुएं का असर भी दिखाई दे रहा था और यह धुआं नीचे की ओर तक आया। यहां तक कि खंडवा-रोड सनावद-रोड बस जैतापूर स्टैंड यहां तक कई कालोनियों में धुएं का असर दिखाई दे रहा। खरगोन से 5 किलोमीटर दूर गोपालपुरा तक भी धुआं रात्रि में पहुंचा। इसके खिलाफ रहवासियों ने खरगोन-खंडवा रोड पर विरोध भी जताया। ट्रेचिंग ग्राउंड में आग के बाद पानी के टैंकर भी बगैर सायरन बजाते हुए पहुंचे थे, जिससे लोगों को आग की जानकारी नहीं लगे। सिटी ब्लास्ट के पत्रकार ने ग्राउंड पर पहुंचकर रिपोर्ट को जाहिर किया। रात के बाद सुबह से भी हवा में धुएं के गुबार के कारण लोगों को सांस लेने में दिक्कत दिखाई दी। पहले ही ट्रेचिंग ग्राउंड में पड़ा बदबूदार कचरा लोगों को परेशान कर रहा है, जो बीमारियों को जन्म भी दे रहा है और अब आग के बाद धुआं कई किलोमीटर दूर तक लगातार निकलता रहा और परेशानी पैदा करता रहा। प्रश्न यह भी उठ रहा है कि आग लगी या लगाई गई यह भी एक सवाल है, जो जांच का विषय बना हुआ है।



### चक्काजाम जाम तक किया गया है

जहां नगर पालिका के ट्रेचिंग ग्राउंड परिसर मे सुबह के हालात पर पर्दा डाल भी दे पर सच्चाई तो सामने आही जाती है। तस्वीरे सच्चाई का आईना दिखा रही थी नगर मे नगर पालिका के जिम्मेदार अधिकारियो को या फिर यह तक कहना सही होगा नगर मे नगर पालिका की गंभीर हालात बना दिए और सडको एवं कई कालोनियो पर सच्चाई कि मोहर लगाई जो सत्य वही तो जांच के बाद स्पष्ट हो उजागर होती रहेंगी। समाचार पत्र के माध्यम से नगर पालिका स्वच्छता अधिकारी प्रकाश चिंते से जब बात कर चर्चा की गई फोन पर बताया गया ट्रेचिंग ग्राउंड के धुएं से लोगो को सांस लेने मे परेशानी हो रही है और कई जगह धुएं का गुबार साफ-साफ दिखाई दे रहा है। शाम को एक जगह ट्रेचिंग ग्राउंड मे आग लग गई थी। कुछ लोगो ने टायर जलाकर थे। शाम को पांच से छेः बजे कि बात है। आग तो बुझा दी गई धुएं का गुबार जो फैला है कुछ देर तक रहेगा आग तो पानी डाल कर बुझा दी गई है। गीला होने से कुछ देर तक धुआं रहेगा।

### यह कहना है

नगर पालिका स्वच्छता अधिकारी प्रकाश चिंते का कहना है, कि सुबह भी भयानक हालात दिखाई दे रहे है, धुए के गुबार के विडियो भी है। तो फिर नगर पालिका अधिकारी का कहना है। सुबह तो आग बुझा दी गई थी। यह शाम को आग लगाई होगी। देखते है। किसने लगाई है।

# ट्रक की चपेट में आने से 8 वर्षीय मासूम की दर्दनाक मौत

**इन्दौर।** लसूड़िया थाना क्षेत्र के निरंजनपुर में एक सड़क हादसे में 8 वर्षीय बालक की मौत हो गई। राजस्थान से आए एक परिवार का मासूम बच्चा तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौके पर ही सांसें थम गईं। पुलिस ने ट्रक को जब्त कर चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है। यह हृदय विदारक दुर्घटना निरंजनपुर क्षेत्र में घटित हुई। मृतक की पहचान कार्तिक पिता बनवारी भांड (8) के रूप में हुई है, जो मूल रूप से ग्राम जगपुरा, जिला झालावाड़ राजस्थान का निवासी था। उसे एक अनियंत्रित ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बालक ट्रक के पहिए की चपेट में आ गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

# रंगपंचमी की खुशियां मातम में बदलीं

## नहाने के लिए हीटर लगाते समय करंट लगने से कारोबारी की पत्नी की मौत



इन्दौर। चंदन नगर थाना क्षेत्र में रंगपंचमी के उत्साह के बीच एक हृदय विदारक दुर्घटना सामने आई है। रंग खेलने के बाद नहाने के लिए गर्म पानी करने हेतु इलेक्ट्रिक हीटर लगा रही एक महिला करंट की चपेट में आ गई। गंभीर हालत में उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहाँ उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। मृतिका एक इलेक्ट्रिकल व्यवसायी की पत्नी थीं। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। यह दर्दनाक हादसा रामानंद नगर में घटित हुआ। मृतिका की पहचान छाया पति चिंटू भावसार (35) के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक, कल रंगपंचमी के अवसर पर परिवार के साथ रंग-गुलाल खेलने के बाद छाया नहाने की तैयारी कर रही थीं। पानी गर्म करने के लिए जैसे ही उन्होंने इलेक्ट्रिक हीटर का प्लग लगाया, वे अचानक बिजली के जोरदार झटके की चपेट में आ गईं और अचेत होकर गिर पड़ीं। परिजनों ने तत्काल उन्हें निजी अस्पताल पहुँचाया, जहाँ डॉक्टरों ने उन्हें बचाने का प्रयास किया, लेकिन कुछ ही देर चले उपचार के बाद उन्होंने दम तोड़ दिया। बताया गया है कि मृतिका के पति चिंटू भावसार का स्वयं का इलेक्ट्रिकल का व्यवसाय है।

# चोरी के आरोप से दुखी गार्ड ने फांसी लगाकर दी जान

**इन्दौर।** लसुड़िया थाना इलाके के लोहा मंडी क्षेत्र में एक निजी कंपनी के सुरक्षा गार्ड द्वारा संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। मृतक पर कंपनी प्रबंधन द्वारा सामान चोरी करने का आरोप लगाया गया था, जिसके चलते पुलिस ने उसे पूछताछ के लिए बुलाया था। थाने जाने से पहले ही युवक ने कंपनी परिसर में ही अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली।

घटना एबीएस ऑटो कंपनी परिसर की है। मृतक की पहचान अरुण के रूप में हुई है, जो वहां सिक्योरिटी गार्ड के पद पर तैनात था। साथी कर्मचारी शैलेंद्र ने बताया कि हाल ही में कंपनी से कुछ कीमती सामान चोरी हुआ था, जिसका शक अरुण पर जताया गया था। कंपनी प्रबंधन ने इस मामले में न केवल लसूड़िया पुलिस को सूचना दी थी, बल्कि अरुण के परिजनों को भी इस विवाद के चलते तलब किया था।?बताया जा रहा है कि पुलिस ने शुरुआती बातचीत के बाद परिजनों से कहा था कि वे अगली सुबह अरुण को लेकर थाने पहुँचें ताकि मामले की विधिवत जांच की जा सके। लेकिन मानसिक दबाव और आरोपों के चलते अरुण ने रात के सन्नाटे में कंपनी परिसर के भीतर ही फांसी का फंदा लगा लिया। घटना का खुलासा आज सुबह हुआ, जब दूसरा गार्ड ड्यूटी पर पहुँचा और उसने अरुण को फंदे पर लटका देखा। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुँची और शव को नीचे उतारकर पोस्टमार्टम के लिए एमवाय अस्पताल भिजवाया। पुलिस अब इस बात की जांच कर रही है कि क्या चोरी के आरोपों के कारण उसे प्रताड़ित किया गया था या अन्य किसी कारण से उसने यह कदम उठाया।



## रघुवंशी के किए नेत्रदान

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )।** कल कालाकुंड में दोस्तों के साथ पिकनिक बनाने गए संघ के रामेश्वरम जिले के सेवा प्रमुख शिव रघुवंशी की मौत हो गई। वे जब चोरल नदी में नहा रहे थे, तभी उनकी सांस फूलने लगी,उन्हें कार्डिक अरेस्ट होने की आशंका जताई गई। रघुवंशी के आकस्मिक निधन के बाद परिजनों ने उनके नेत्रदान किए।



## रेलवे स्टेशन पार्किंग में हो रही अवैध वसूली पर ज्ञापन

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 1, 4 और 5 पर पार्किंग व्यवस्था में चल रही भारी अनियमितताओं और यात्रियों से हो रही अवैध वसूली के खिलाफ अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत इंदौर ने अधिकारी हरिराम मीणा को ज्ञापन सौपा और मांग की कि ग्राहक अधिकारों के संरक्षण में काम करने वाली संस्था के पास शिकायतें आई थी जिसे आपके पास प्रेषित कर हल करने की मांग की गई। पिक एण्ड ड्राप में शुल्क लिया जा रहा है,वाहन पार्क करने वाले चालकों को रसीद भी नहीं दी जा रही है, पार्क वाहनों के समय-सीमा की कोई जानकारी बोर्ड पर नहीं है, अवैध वसूली से बचने के लिए लोग अपने वाहन बाहर खडा कर देते है जिससे जाम लग रहा है। समस्या हल करने की मांग ज्ञापन के माध्यम से ग्राहक पंचायत ने दी।

## जनहित याचिका में हाईकोर्ट का केन्द्र व राज्य सरकार को नोटिस

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय की इंदौर खंडपीठ ने राज्य में लागू मध्यप्रदेश पीड़ित क्षतिपूर्ति योजना 2015 में संशोधन और मुआवजा राशि बढ़ाने की मांग को लेकर न्यायोदय फाउंडेशन तर्फे शाद खान द्वारा दायर जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए केंद्र सरकार, मध्यप्रदेश शासन और राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण को नोटिस जारी किया है। न्यायोदय फाउंडेशन की ओर से नंदिता शर्मा और वरेण्या मित्तल ने बताया कि राज्य में लागू पीड़ित क्षतिपूर्ति योजना पिछले एक दशक अधिक समय से संशोधित नहीं की गई है। वर्तमान आर्थिक परिस्थितियों में निर्धारित मुआवजा राशि पर्याप्त नहीं है, जिससे अपराध के पीड़ितों और उनके आश्रितों को उचित आर्थिक सहायता नहीं मिल पा रही है। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता अभिषेक गिलके और मनीष साहू ने न्यायालय के समक्ष पक्ष रखते हुए कहा कि योजना की राशि का पुनरीक्षण समयानुकूल होना आवश्यक है, ताकि पीड़ितों के उपचार, पुनर्वास और आजीविका पुनर्स्थापन के उद्देश्य को प्रभावी ढंग से पूरा किया जा सके। मामले की सुनवाई के दौरान न्यायालय ने याचिका को विचारणीय मानते हुए केंद्र सरकार, मध्यप्रदेश शासन और राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण को नोटिस जारी कर निर्धारित समय सीमा में जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। उल्लेखनीय है कि यह याचिका दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 357-ए के अंतर्गत बनाई गई पीड़ित क्षतिपूर्ति योजना में संशोधन और मुआवजा राशि बढ़ाने की मांग को लेकर दायर की गई है।


**इन्दौर नगर पालिक निगम**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **अर्पित खंडेलवाल** पता जे-15 ऑस्कर फोर्ट जे इन्दौर झोन क्र. 19 राजस्व विभाग पर पिन नं. 1002917552 द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर दर्ज नाम पर सम्पत्ति का नामांतरण चाहा गया है।

इस जाहिर सूचना प्रकाशन दिनांक से सात दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था व अन्य को उक्त सम्पत्ति के नामांतरण पर आपत्ति हो तो झोन क्र.19 राजस्व विभाग में प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

**प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी**
**झोन क्रं. 19**
**इन्दौर नगर निगम इन्दौर**

**इन्दौर नगर पालिक निगम**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **सिद्धार्थ शर्मा** पता 17 ऑस्कर कालोनी इन्दौर झोन क्र. 19 राजस्व विभाग पर पिन नं. 1003129791 द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर दर्ज नाम पर सम्पत्ति का नामांतरण चाहा गया है।

इस जाहिर सूचना प्रकाशन दिनांक से सात दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था व अन्य को उक्त सम्पत्ति के नामांतरण पर आपत्ति हो तो झोन क्र.19 राजस्व विभाग में प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

**प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी**
**झोन क्रं. 19**
**इन्दौर नगर निगम इन्दौर**

**कार्यालय नगर परिषद पलसूद, जिला-बडवानी (म.प्र.)**

**क्रमांक/ई-टेण्डर/324/2026** **पलसूद दिनांक 06.03.2026**

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

एतद द्वारा समस्त समक्ष श्रेणी पंजीकृत ठेकेदार/फर्म को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित कार्य की निविदा प्रतिशत दर पर (यू.ए.डी.डी.) आई.एस.एस.ओ.आर. दिनांक (02.08.2021) ऑनलाइन ई-प्रोक्यूरमेंट पोर्टल mptenders.gov.in के माध्यम से आमंत्रित की जाती है।

| ई-टेण्डर क्रमांक | कार्य का विवरण | कार्य की अनुमानित लागत | अमानत राशि रु. | निविदा प्रपत्र का मूल्य रु. | कार्यपूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 2026_UAD_488020_1 | WATER SUPPLY PIPELINE SHIFTING WORK AT WARD NO 10, SENDWA ROAD TO WARD 11 HOLI MEDAN VIA OLD POLICE STATION | 382857.00/- | 3828.0/- | 2000/- | एक MONTH |

नोट- 01 निविदा प्रपत्र क्रय करने की तिथि 09/03/2026 प्रातः 10.30 बजे से दिनांक 16/03/2026 सायं 5.30 बजे तक निर्धारित है।
02 अन्य विवरण उपरोक्त पोर्टल पर अथवा कार्यालय में कार्यालयीन समय पर देखे जा सकते है।
03 उपरोक्त कार्य के Amendments केवल वेबसाइट पर ही Corrigendum/addendum details अन्तर्गत प्रकाशित किए जावेंगे।
04 लेखा नियमों का पालन किया जाना अनिवार्य है।

**(यशवंत सोलंकी)**
**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर परिषद पलसूद**

# जीत के जश्न में डूबी टीम इंडिया, खूब किया भांगड़ा

## परिवार और दोस्तों को भी नचाया



**अहमदाबाद ।** टी20 वर्ल्ड कप 2026 के फाइनल में नरेंद्र मोदी स्टेडियम में भारत की ऐतिहासिक खिताबी जीत के बाद जश्न का सैलाब उमड़ पड़ा। तीसरी बार टी20 वर्ल्ड कप ट्रॉफी पर कब्जा जमाने के बाद टीम इंडिया के खिलाड़ियों ने मैदान पर जमकर मस्ती की। इस जश्न के बीच हार्दिक पंड्या और ईशान किशन का एक वीडियो सोशल मीडिया पर जबरदस्त तरीके से वायरल हो रहा है, जिसमें वे जीत की खुशी में झूमते नजर आ रहे हैं। इस वीडियो को आईसीसी ने अपने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया है।

वायरल वीडियो में टीम इंडिया के दो स्टार ऑलराउंडर और बल्लेबाज, हार्दिक पंड्या और ईशान किशन, तिरंगा हाथ में लेकर एक घेरे में नाचते हुए दिखाई दे रहे हैं। गुजरात की धरती पर जीत का जश्न मनाने के लिए इन दोनों ने गरबा और भांगड़ा का एक अनोखा मिक्स डांस परफॉर्म किया। तिरंगे के साथ उनकी यह मस्ती देख स्टेडियम में मौजूद हजारों फैंस का जोश सातवें आसमान पर पहुंच गया।

इस खास पल के गवाह न केवल क्रिकेट फैंस बने, बल्कि हार्दिक और ईशान को चीयर करने के लिए उनकी पार्टनर भी स्टैंड्स में मौजूद थीं। ईशान किशन की गर्लफ्रेंड अदिति हुंडिया और हार्दिक की पार्टनर महिका शर्मा को इस जश्न को करीब से देखते और मुस्कुराते हुए कैमरे में कैद किया गया। जीत के बाद अपने पार्टनर के साथ यह खुशी साझा करना इन खिलाड़ियों के लिए बेहद भावुक और यादगार पल रहा।



# जीत के बाद हनुमान मंदिर पहुंची वर्ल्ड कप ट्रॉफी

**अहमदाबाद।** आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप 2026 पूरा हो गया है। 8 मार्च की रात को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में भारतीय टीम ने न्यूजीलैंड को 96 रन से हराकर तीसरी बार टी20 वर्ल्ड कप का खिताब अपने नाम कर लिया। भारत ने अहमदाबाद में इतिहास रच दिया। पूरे देश में जश्न का माहौल है। भारत की जीत को एक अलग स्तर पर सेलिब्रेट किया जा रहा है। वहीं विश्व कप जीतने के बाद कप्तान सूर्यकुमार यादव, कोच गौतम गंभीर और आईसीसी चेयरमैन जय शाह को हनुमान मंदिर में देखा गया।

एएनआई ने एक्स पर एक वीडियो जारी की है। उस वीडियो में कप्तान सूर्यकुमार यादव, हेड कोच गौतम गंभीर और आईसीसी चेयरमैन जय शाह अहमदाबाद स्थित हनुमान मंदिर में नजर आते हैं। सूर्या ट्रॉफी लेकर दर्शन करने आते हैं। सोशल मीडिया पर यह वीडियो काफी वायरल हो रही है।

टीम इंडिया ने लगातार दूसरी बार टी20 वर्ल्ड कप का खिताब जीता है। 2024 में भारत ने साउथ अफ्रीका को हराकर विश्व कप जीता था। अब 2026 में कीवी टीम को रौंदकर भारत ने इतिहास रचा है। टीम इंडिया सबसे ज्यादा टी20 वर्ल्ड कप जीतने वाली टीम बन गई है। उनके नाम अब तीन टी20 विश्व कप हो गए हैं।

न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सैंटनर ने टॉस जीतकर भारत के खिलाफ फाइनल में पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया था। हालांकि यह फैसला काफी गलत साबित हुआ। टीम इंडिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 5 विकेट पर 255 रन बना डाले। 256 रन के बड़े टारगेट का दबाव न्यूजीलैंड झेल नहीं पाई और 19 ओवर में ही 159 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। इस तरह वे 96 रन से मैच हार गए।

# गंभीर ने ट्रॉफी द्रविड़ और इस पूर्व खिलाड़ी को समर्पित की

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम ने जो बीते रविवार की रात किया, उसे सुनहरे अक्षरों से इतिहास के पन्नों में लिखा जाएगा। टीम इंडिया ने न्यूजीलैंड को टी20 वर्ल्ड कप 2026 के फाइनल में बच्चों की तरह 96 रन से हरा दिया और रिकॉर्ड तीसरी बार टी20 वर्ल्ड कप जीत लिया। आज तक कोई टीम यह कारनामा नहीं कर पाई।



अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में भारत की इस जीत को हमेशा याद रखा जाएगा। वहीं वर्ल्ड कप जीतने के बाद भारतीय टीम के हेड कोच गौतम गंभीर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बड़ा बयान दिया है। उन्होंने इस ट्रॉफी को पूर्व हेड कोच राहुल द्रविड़ और दिग्गज वीवीएस लक्ष्मण को डेडिकेट किया है। गौतम गंभीर ने कहा, मेरे को यह ट्रॉफी डेडिकेट करनी चाहिए सबसे पहले राहुल भाई को फिर लक्ष्मण भाई को। क्योंकि राहुल भाई ने अपने कार्यकाल के दौरान भारतीय क्रिकेट को अच्छी शेप में रखने के लिए जो किया है, मैं उसके लिए उन्हें शुक्रिया करता हूं। गंभीर ने वीवीएस लक्ष्मण के लिए कहा, वीवीएस लक्ष्मण को भी धन्यवाद करना चाहता हूं जो पीछे से भारतीय क्रिकेट के लिए काफी कुछ कर रहे हैं। सीओई ही भारतीय क्रिकेट की पाइपलाइन है।

**अजीत अगरकर और आईसीसी चेयरमैन जय शाह को लेकर भी बोले जीजी-** बीसीसीआई के चीफ सिलेक्टर अजीत अगरकर और आईसीसी चेयरमैन जय शाह को लेकर भी गंभीर ने बड़ा बयान दिया है। गंभीर ने कहा, तीसरे नंबर पर निश्चित रूप से अजीत अगरकर हैं,क्योंकि उन्होंने काफी आलोचना का सामना किया है। लेकिन जिस तरह इमानदारी से उन्होंने काम किया है, वो शानदार है।

जय शाह को लेकर गंभीर ने कहा, मुझे जय भाई का भी शुक्रिया करना है, क्योंकि काफी ज्यादा लोगों ने मुझे कॉल नहीं किया जब मैं अपने कार्यकाल के दौरान खराब समय से गुजर रहा था। चाहे वो न्यूजीलैंड के खिलाफ या साउथ अफ्रीका के खिलाफ मिली हार हो, जिन्होंने मुझे कॉल किया वो जय भाई थे। मुझे उनका शुक्रिया करता हूं कि उन्होंने मुझपर इस जॉब के लिए भरोसा किया।

# मैंने अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया: बुमराह

### जहां करियर की शुरुआत वहीं मिला यह खिताब

**अहमदाबाद।** यहां वर्ल्ड कप फाइनल में मैन ऑफ द मैच जीतना मेरे लिए इससे खास कुछ नहीं हो सकता। यहीं से मैंने अपने क्रिकेट करियर की शुरुआत की थी। इससे बेहतर कुछ नहीं हो सकता। मुझे इस बात का अंदाजा नहीं था कि मैंने अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। फाइनल के बाद बुमराह ने क्या-क्या कहा?

रविवार को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले गए टी-20 विश्व कप के फाइनल मुकाबले में भारत ने न्यूजीलैंड को 96 रन से हराकर नया कीर्तिमान स्थापित कर दिया। भारत तीसरी बार विश्व कप जीतने वाली दुनिया की पहली टीम बन गया है। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में 255 रन बनाए जिसके जवाब में न्यूजीलैंड 159 रनों पर ही सिमट गई। जसप्रीत बुमराह ने इस मैच में चार ओवर में 15 रन देकर चार विकेट हासिल किए और प्लेयर ऑफ द मैच का खिताब भी अपने नाम किया।



प्लेयर ऑफ द मैच जीतने के बाद पोस्ट मैच प्रेजेंटेशन में उन्होंने अपने विचार साझा किए और बताया कि यह विश्व कप जीतना उनके लिए क्यों खास था। जसप्रीत बुमराह ने कहा, यह बेहद खास एहसास है, क्योंकि मैंने अपने घरेलू मैदान पर एक फाइनल खेला था और उसमें जीत हासिल नहीं कर पाया था, लेकिन यह जीत वाकई बहुत खास है। मैं पूरी तरह से प्रेरित था। मेरा इरादा बिल्कुल स्पष्ट था। मुझे पता था कि मुझे क्या करना है। विकेट सपाट था, इसलिए मैंने यहां अपना सारा क्रिकेट खेला है, इसलिए मैंने अपने पूरे अनुभव का इस्तेमाल किया। आज का दिन शानदार रहा, सब कुछ योजना के मुताबिक हुआ।

उन्होंने अपनी खुशी जाहिर करते हुए आगे कहा, मैं बहुत खुश हूं, बहुत आभारी हूं। भगवान बहुत दयालु हैं। इस टूर्नामेंट से पहले, मैं उस स्थिति में था जहां मुझे लग रहा था कि मैं बहुत ज्यादा कोशिश कर रहा हूं, क्योंकि मैं अच्छी गेंदबाजी कर रहा था, लेकिन कहीं न कहीं मुझे लग रहा था कि शायद मैं बहुत ज्यादा कोशिश कर रहा हूं। लेकिन इस फॉर्मेट में मैंने खेल को अपने हिसाब से चलने दिया। मेरा इरादा स्पष्ट था। मैं तैयारी करता था और फिर स्थिति को समझता था और खुद पर भरोसा रखता था। इस टूर्नामेंट में मैंने यही करने की कोशिश की। यह मेरे लिए बहुत कारगर साबित हुआ।

# दो माह से सचिन से टिप्स ले रहे थे संजू

**अहमदाबाद ।** टी20 वर्ल्ड कप 2026 के फाइनल में ऐतिहासिक पारी खेलने के बाद संजू सैमसन ने अपनी इस अभूतपूर्व सफलता का श्रेय 'क्रिकेट के भगवान' सचिन तेंदुलकर को दिया है। संजू ने खुलासा किया कि इस बड़े टूर्नामेंट के दौरान वह लगातार सचिन के मार्गदर्शन में थे। संजू सैमसन ने टी20 विश्व कप में अपने शानदार प्रदर्शन का श्रेय सचिन तेंदुलकर से लंबी बातचीत को देते हुए कहा कि पिछले दो महीने से वह लगातार इस महान बल्लेबाज के संपर्क में थे। सैमसन को पिछले तीन मैचों में शानदार प्रदर्शन के लिये 'प्लेयर आफ द टूर्नामेंट' चुना गया। भारतीय टीम लगातार दूसरी बार टी20 विश्व कप जीतने वाली पहली पुरुष अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट टीम बनी। संजू सैमसन ने 46 गेंद में 89 और अभिषेक शर्मा ने 21 गेंद में 52 रन बनाकर भारत को पावरप्ले में ही 98 रन तक पहुंचाते हुए जीत की नींव रख दी थी । भारत ने पहले बल्लेबाजी के लिये भेजे जाने पर पांच विकेट पर 255 रन बनाये। नरेंद्र मोदी स्टेडियम में करीब 86000 दर्शकों के सामने न्यूजीलैंड की टीम 159 रन पर आउट हो गई। सैमसन ने कहा कि पिछले दो महीने से मैं सचिन सर से लगातार संपर्क में था। मैंने उनसे लंबी बात की। उनसे मार्गदर्शन मिलने से बेहतर क्या हो सकता है।'' उन्होंने कहा ,'' जिसने भी मेरा समर्थन किया, मैं उनका शुक्रगुजार हूं।



# नेमावर रोड ब्रिज पर लोडिंग वाहन चालक ने लगाई फांसी

## *भोपाल से माल लेकर जा रहा था गुजरात*

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

खुडै़ल थाना क्षेत्र स्थित नेमावर रोड ब्रिज पर बीती देर रात एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। भोपाल निवासी एक लोडिंग वाहन चालक ने बीच रास्ते में गाड़ी रोककर ब्रिज पर रस्सी के फंदे से लटककर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली।

मृतक की पहचान दीपक पिता विजय मालवीय (26) निवासी निशातपुरा भोपाल के रूप में हुई है।



दीपक पेशे से चालक था और अपने लोडिंग वाहन में माल भरकर भोपाल से गुजरात की ओर जा रहा था। देर रात करीब 1 बजे देवगुराड़िया के समीप नेमावर ब्रिज पर उसने अचानक अपना वाहन रोका और लोडिंग वाहन में बंधी रस्सी का उपयोग किया और ब्रिज की रेलिंग के सहारे फंदा बनाकर लटक गया। रात के सन्नाटे में वहां से गुजर रहे राहगीरों ने जब युवक को फंदे पर लटका देखा तो तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुँचकर युवक को नीचे उतारा लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। पुलिस ने बताया कि वाहन पूरी तरह माल से भरा हुआ था, जिसे चालक अकेला ही लेकर जा रहा था। पुलिस ने लोडिंग वाहन को जब्त कर थाने खड़ा करवा दिया है और मृतक के परिजनों को भोपाल में सूचना दे दी गई है। मौके से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है, जिससे आत्महत्या की वजह अभी रहस्य बनी हुई है। पुलिस मामले की हर पहलू से जांच कर रही है।

# रंग लगाने के बहाने बच्चे से बदसलूकी का विरोध करने पर हमला

## पत्थर मारकर किशोर को किया घायल

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

बाणगंगा थाना क्षेत्र के कुशवाह नगर में रंगपंचमी के उत्साह के बीच एक शराबी युवक की दबंगई का मामला सामने आया है। आरोपी ने मोहल्ले के एक बच्चे के साथ अभद्र व्यवहार किया और जब 17 वर्षीय किशोर ने इसका विरोध किया, तो आरोपी ने उस पर पत्थरों से हमला कर दिया। पुलिस ने नाबालिग की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मारपीट और जान से मारने की धमकी देने की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया है।

बाणगंगा पुलिस के मुताबिक, घटना कुशवाह नगर की है। 17 वर्षीय फरियादी ने अपनी शिकायत में बताया कि उनके ही मोहल्ले में रहने वाला आरोपी अरुण कुशवाह शराब के नशे में धुत होकर आया था। आरोपी वहां मौजूद फरियादी की मौसी के लड़के को रंग लगाते समय जबरन उसके कपड़े उतारने की कोशिश कर रहा था। जब नाबालिग किशोर ने बीच-बचाव किया और आरोपी को बच्चे के साथ ऐसी हरकत करने से मना किया, तो अरुण आगबबूला हो गया और सरेराह गालियां देने लगा।?गाली-गलौज का विरोध करने पर आरोपी अरुण ने पास ही पड़े पत्थर उठाकर किशोर पर दे मारे। पत्थर किशोर के दाहिने गाल और कंधे पर जोर से लगे, जिससे उसे काफी चोट आई। शोर सुनकर जब किशोर की मां बीच-बचाव करने पहुंची, तो आरोपी ने उनके साथ भी अभद्र व्यवहार और गाली-गलौज की। जाते-जाते आरोपी अरुण ने धमकी दी कि आज तो बच गया, आइंदा मुझसे उलझा तो तुझे जान से खत्म कर दूंगा।घायल किशोर अपनी मां के साथ थाने पहुंचा और मामला दर्ज कराया।

# पुरानी रंजिश में ईंट मारकर युवक पर जानलेवा हमला...

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट ।

बाणगंगा थाना क्षेत्र की नंदबाग कॉलोनी में पुरानी रंजिश के चलते एक युवक पर जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। आरोपी ने अपनी पत्नी के साथ बाजार जा रहे फरियादी को रास्ते में रोककर गाली-गलौज की और विरोध करने पर ईंट मारकर उसका सिर फोड़ दिया। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मारपीट और जान से मारने की धमकी देने की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया है। बाणगंगा पुलिस के मुताबिक, घटना नंदबाग कॉलोनी स्थित हनुमान मंदिर के पास की है। फरियादी हरिशंकर पिता प्यारेलाल विश्वकर्मा निवासी नंदबाग कॉलोनी अपनी पत्नी के साथ खरीदारी करने बाजार जा रहे थे। इसी दौरान रास्ते में उनकी ही कॉलोनी का रहने वाला जान-पहचान का आरोपी विनोद पिता रामरतन विश्वकर्मा मिल गया। विनोद ने पुरानी किसी बात का बदला लेने की नीयत से हरिशंकर को रोका और सरेराह अभद्र गालियां देना शुरू कर दिया।?जब हरिशंकर ने पत्नी के सामने गालियां देने से मना किया, तो आरोपी विनोद उग्र हो गया। उसने पास ही पड़ी एक ईंट उठाकर पूरी ताकत से हरिशंकर के सिर पर दे मारी। हमले में हरिशंकर का सिर फट गया और खून बहने लगा। पति को लहूलुहान देख पत्नी ने बीच-बचाव किया और शोर मचाया, जिसके बाद आरोपी वहां से भाग निकला। जाते-जाते विनोद ने धमकी दी कि आइंदा मुझसे उलझे, तो तुम्हें जान से खत्म कर दूंगा।

# पुलिस अधिकारी ने बच्चों को लगाया गुलाल तिलक



इंदौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। संजीवनी बालमित्र केंद्र छत्रीपुरा पर बच्चों को सूखे गुलाल का तिलक लगाकर होली उत्सव मनाया और बच्चों को उपहार भी दिए। पुलिस अधिकारी विजय तिवारी, संजीव श्रीवास्तव, हितेश भास्कर, संजय राठौर के अलावा ललिता, दीपमाला, पलक तलरेजा, कुसुम शर्मा, मनोज सहित अन्य मौजूद थे।

# कड़ा मारकर युवक का सिर फोड़ा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

हीरानगर थाना क्षेत्र में रास्ता रोकने और गाली-गलौज करने को लेकर दो युवकों के बीच विवाद हो गया। आरोपी ने विवाद के दौरान अपने हाथ में पहना हुआ भारी कड़ा फरियादी के सिर पर दे मारा, जिससे वह लहूलुहान हो गया। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मारपीट और जान से मारने की धमकी देने की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया है। हीरानगर पुलिस के मुताबिक, घटना लाहिया कॉलोनी स्थित जय भवानी शंकर मंदिर के पास की है। फरियादी सूरज पिता आनंदीलाल निवासी लाहिया कॉलोनी अपने घर जा रहा था, तभी रास्ते में उसी की कॉलोनी में रहने वाले आरोपी सौरभ सिंह ने उसे बीच रास्ते में रोक लिया। जब सूरज ने आगे बढ़ने की कोशिश की और कहा कि मुझे घर जाना है, तो इसी सामान्य सी बात पर सौरभ तैश में आ गया और अभद्र गालियां देने लगा। फरियादी सूरज ने जब गालियां देने का विरोध किया, तो विवाद और बढ़ गया। आवेश में आकर आरोपी सौरभ सिंह ने अपने हाथ में पहना हुआ धातु का कड़ा निकालकर सूरज के सिर पर दे मारा। हमले में सूरज के सिर में गंभीर चोट आई और खून बहने लगा। जाते-जाते आरोपी ने सरेराह धमकी दी कि मैं जब बोलूं उस समय रुकना, नहीं तो तुझे जान से खत्म कर दूंगा।

# आधी रात को हनुमान मंदिर में मूर्ति खंडित करने वाले दो युवकों पर केस दर्ज

**इन्दौर।** सांवेर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचौला में आस्था पर प्रहार करने वाला एक गंभीर मामला सामने आया है। गांव के प्रसिद्ध खेड़ापति हनुमान मंदिर में घुसकर दो युवकों द्वारा भगवान की प्रतिमा को खंडित करने की घटना उजागर हुई है। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर गांव के ही दो युवकों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

सांवेर पुलिस के मुताबिक, घटना ग्राम पंचौला स्थित खेड़ापति हनुमान मंदिर की है। फरियादी गजराज सिंह पिता रतनसिंह राजपूत निवासी ग्राम पंचौला ने अपनी शिकायत में बताया कि बीती रात करीब 11 बजे वे अपने खेत की पानी की ट्यूबवेल बंद करने जा रहे थे। रास्ते में उन्होंने देखा कि मंदिर के भीतर दीपक जल रहा है और गांव के ही आकाश पिता राधेश्याम बागरी और अरुण पिता संतोष बागरी वहां मौजूद हैं। आकाश मंदिर के गेट के पास खड़ा था, जबकि अरुण मूर्ति के पास संदिग्ध अवस्था में खड़ा था। संदेह होने पर जब गजराज सिंह मंदिर के भीतर पहुंचे और दोनों से वहां होने का कारण पूछा, तो वे कुछ नहीं बोले। जब गजराज ने हनुमान जी की प्रतिमा को देखा, तो पाया कि आरोपियों ने मूर्ति के साथ छेड़छाड़ की थी। उन्होंने मूर्ति पर लगे सिंदूर को खुरच दिया था और प्रतिमा में गड्ढा कर उसे खंडित कर दिया था। गजराज सिंह ने तुरंत गांव वालों को मौके पर बुलाया, जिन्हें आता देख दोनों आरोपी वहां से भाग निकले। इस घटना से पूरे गांव में आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों का कहना है कि आरोपियों की इस हरकत से उनकी धार्मिक भावनाओं को गहरी ठेस पहुंची है। पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

# नशा में अभद्रता की तो महिलाएं पहुंची थाना



इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। पंढरीनाथ थाना क्षेत्र के जगदीश मंदिर छत्रीबाग क्षेत्र में किसी संदीप ने नशा करके हंगामा खड़ा किया। इस पर रहवासी खासतौर से मातृशक्तियों की नाराजगी दिखी और वे कल पंढरीनाथ थाना संदीप की शिकायत लेकर पहुंची और कहा कि संदीप नशा करके अश्लील भाषा का इस्तेमाल करता है और कई आवारा लोगों को भी बुला लेता है, जिससे महिला और बच्चे सुरक्षित नहीं है। हमेशा यह ग्रुप सार्वजनिक रूप से नशा करता है और क्षेत्र में डर का माहौल बनाता है जिससे कोई शिकायत लेकर थाना या प्रशासन के पास नहीं पहुंचते। रहवासी और मातृशक्तियों ने पुलिस से आग्रह किया कि वे पूरी जानकारी जुटाए और नशा करने वाले समूह पर कार्रवाई करे।

स्वामी मुद्रक प्रकाशक, महेश मूंगड़ द्वारा मूंगड़ पब्लिकेशन 242-43, जवाहर मार्ग, राजमोहल्ला चौराहा, इन्दौर ( म.प्र. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित ।

सम्पादकः- महेश मूंगड़ 98273-69587, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा ।